

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

गीता जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

11 दिसम्बर - 17 दिसम्बर 2024

मार्गशीर्ष, पक्ष - शुक्ल, तिथि - एकादशी, संवत 2081 पृष्ठ : 8+2 जयपुर, बुधवार वर्ष-10, अंक-41, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- jagrukjanta.net



# क्या आप पेस्टिसाइड वाले मसाले से हैं परेशान ?

12 हजार किलो से अधिक मिलावटी मसाले सीज

निर्धारित मात्रा से ज्यादा मिला पेस्टिसाइड कीटनाशक

निर्धारित मात्रा से ज्यादा मिला पेस्टीसाइड

खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया

मिलावट के खिलाफ कार्रवाई : अनसेफ मसाले किए जाएंगे सीज

सेहत पर मुनाफा भारी...नामी कंपनियों के मसाले अनसेफ, मिला पेस्टिसाइड

## “ यदि मसाले लगे अनसेफ, IPM है हमेशा सेफ!”

## IPM क्या है ? (यह जानना जरुरी है )

(*IPM) इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट - किसी फसल में पेस्टिसाइड एवं रसायनिक खादों का उपयोग निर्धारित मात्रा में उसके मानक स्तर के अनुरूप किया जाता है, ऐसे उत्पाद IPM Quality में आते हैं।

SHYAM® KITCHEN MASALE

## स्वाद के साथ सेहत चाहिए ? तो श्याम मसाले अपनाइए!

## First IPM Company of India




www.shyamspices.co.in

Also Available at : DMart, SMART BAZAAR, Reliance SMART, METRO, AADHAAR WHOLESALE CENTRE, blinkit, zepto, Flipkart Grocery

IPM श्याम मसाले की डीलरशिप के लिए संपर्क करें : 0141-2332459
Only Whatsapp - Pradeep Pareek - 9530007111
Vithal Agarwal - 8890330330

## SHYAM DHANI INDUSTRIES LIMITED

## 'सतत ऊर्जा पर आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते कदम' सत्र आयोजित

# राजस्थान बनेगा एनर्जी सरप्लस स्टेट

### प्रदेश के लिए केंद्रीय भागीदारी के साथ 2 हजार मेगावाट के सोलर पार्क को मिली मंजूरी



2032 तक दोगुनी होगी देश की ऊर्जा मांग

2 हजार मेगावाट क्षमता का नया सोलर पार्क बनेगा

### हेरिटेज टूरिज्म, फिल्म टूरिज्म, इको टूरिज्म, रूरल टूरिज्म, बॉर्डर एरिया टूरिज्म, वन्यजीव पर्यटन की राजस्थान में बहुत अधिक संभावनाएं

# राजस्थान दुनिया के चुनिंदा स्थानों में से एक-मोदी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज हम ग्लोबल विजन और ग्लोबल इंपैक्ट पर काम करते हुए आत्मनिर्भर भारत के नए सफर पर चल चुके हैं। सरकार औद्योगिक प्रगति के लिए 'होल ऑफ गवर्नमेंट एप्रोच' पर समन्वित रूप से एक साथ काम करते हुए हर सेक्टर, हर फैक्टर को एक साथ बढ़ावा दे रही है। सबके प्रयास की इस भावना से ही हम सब मिलकर विकसित भारत और विकसित राजस्थान बनाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी जयपुर स्थित जेईसीसी में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के भव्य उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत आज रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते हुए हर क्षेत्र में विकास कर रहा है, उसे लेकर दुनियाभर के निवेशकों में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि आजादी के 7 दशक बाद भी भारत दुनिया की 11वीं इकोनोमी था। लेकिन बीते 10 वर्षों में हमने 11वीं से 5वीं सबसे बड़ी इकोनोमी बनने का सफर तय किया है। इस दौरान हमारी अर्थव्यवस्था का आकार, कुल निर्यात और एफडीआई भी करीब दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा कि हमने बीते दस साल में आधारभूत ढांचे पर खर्च भी करीब 2 ट्रिलियन से बढ़ाकर 11 ट्रिलियन तक पहुंचा दिया है।

#### राजस्थान के विकास से देश को भी मिलेगी नई ऊंचाई

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि आजादी के बाद जो सरकारें आई उन्होंने न तो देश के विकास को प्राथमिकता पर रखा और ना ही देश की विरासत का ध्यान रखा। लेकिन आज हमारी सरकार विकास भी, विरासत भी के मंत्र पर चल रही है और इसका बहुत बड़ा लाभ राजस्थान को भी हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के समृद्ध भविष्य में पर्यटन की बहुत बड़ी भूमिका होगी। केन्द्र सरकार ने अलग-अलग थीम सर्किट्स से जुड़ी कई योजनाएं भी शुरू की हैं, इन प्रयासों के कारण कोरोना के बावजूद भी बीते दस साल में भारत में 7 करोड़ से ज्यादा विदेश टूरिस्ट आए हैं। उन्होंने कहा कि टूर, ट्रेवल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की दृष्टि से राजस्थान दुनिया के चुनिंदा स्थानों में से एक है। हेरिटेज टूरिज्म, फिल्म टूरिज्म, इको टूरिज्म, रूरल टूरिज्म, बॉर्डर एरिया टूरिज्म, वन्यजीव पर्यटन की यहां बहुत अधिक संभावनाएं हैं। केन्द्र की उड़ान योजना, वंदे भारत, प्रसाद स्कीम,वाइब्रेंट विलेज जैसे कार्यक्रमों का राजस्थान को भी बहुत फायदा हो रहा है।



#### सबसे बड़ा राज्य, लोग भी दिलवाले

मोदी ने कहा कि क्षेत्रफल के हिसाब से तो राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है ही, राजस्थान के लोगों का दिल भी उतना ही बड़ा है। जब राजस्थान विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचेगा तो देश को भी नई ऊंचाई मिलेगी। यहां के लोगों का परिश्रम, ईमानदारी, कठिन से कठिन लक्ष्य को पाने की इच्छाशक्ति, राष्ट्र को सर्वोपरि रखने की भावना राजस्थान की मिट्टी के कण-कण में समाई है।

### इन कारोबारियों के हुए सेशन

**समिट** के पहले दिन 8 देशों के कंट्री सेशन हुए। इनमें जापान, ब्राजील और डेनमार्क जैसे देश शामिल हैं। दोपहर बाद गौतम अडानी, आनंद महिंद्रा, कुमार मंगलम बिड़ला, वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल, आईटीसी के सीएमडी संजीव पुरी, डीसीएल लिमिटेड के चेयरमैन अजय एस. श्रीराम और जापान के राजदूत केइची ओएनओ सहित कई अन्य कारोबारी और वीवीआईपी मेहमान उपस्थित रहे।

### प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव आज

**मंगलवार** को प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव होगा। इस में दुनियाभर के राजस्थानी कारोबारी एक मंच पर होंगे। अलग अलग देशों में कारोबार करने वाले राजस्थानी उद्यमियों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाने के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया गया है। मंगलवार दोपहर बाद अलग अलग विषयों पर सेशन होंगे जिसमें मलेशिया, जर्मनी, यूएसए, सिंगापुर, कोरिया के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### सस्टेनेबल माइनिंग सेफगार्ड फ्यूचर सत्र

## अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर बनाने में खनन क्षेत्र की भी भूमिका



**खनन क्षेत्र** पर आयोजित सस्टेनेबल माइनिंग सेफगार्ड फ्यूचर सत्र में केन्द्रीय खान एवं कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर बनाने में खनन क्षेत्र की अहम भूमिका है। देश में खनिज खोज कार्य में निजी क्षेत्र की भी भागीदारी तय होने से क्रिटिकल मिनरल्स के खोज व खनन में तेजी आएगी और विदेशों पर निर्भरता कम की जा सकेगी। रेड्डी ने कहा कि रोजगार के नये अवसर विकसित करने तथा देश की इकोनॉमी में खनन क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सरकार के साथ ही उद्यमियों को भी लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना होगा। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि राज्य सरकार की अनुकूल नीतियों से प्रदेश में खनन क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम विकास और पर्यावरण संरक्षण का संतुलन बनाते हुए कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव खान एवं पेट्रोलियम टी. रविकांत ने पीपीटी के माध्यम से खनन एवं पेट्रोलियम क्षेत्र में राज्य सरकार की उपलब्धियों, नीतियों एवं योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में खनन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। क्षेत्रफल के मामले में देश का सबसे बड़ा राज्य होने के साथ ही राजस्थान खनिज उत्पादन में भी अग्रणी है।

### आयोजन की सराहना

**टाटा पावर** के सीईओ एवं एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा, जेएसडब्ल्यू एनर्जी के सीईओ शरद महिंद्रा, सुजलोन एनर्जी के वाइस चैयरमेन गिरीश थांती, रिन्यू पॉवर के चैयरमेन सुमंत सिन्हा, पावरग्रिड के सीएमडी आर.के.त्यागी तथा केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए राइजिंग राजस्थान समिट के आयोजन की सराहना की।

### 1.2 लाख करोड़ का रुपए निवेश करेगी टाटा पावर

**टाटा पावर** राजस्थान में छतों पर सौर संयंत्र लगाने और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में 1.2 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी के सीईओ और प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने सोमवार को समिट में कहा कि कंपनी के निवेश का उद्देश्य राजस्थान को बिजली अधिशेष वाला राज्य बनाना है। उद्घाटन समारोह के बाद सिन्हा ने मीडिया से कहा, "राज्य के लिए टाटा पावर का स्वच्छ ऊर्जा खाका 2070 तक देश के शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य और देश में अगले स्वच्छ ऊर्जा केंद्र के रूप में उभरने की राज्य की महत्वाकांक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देगा।" टाटा पावर की पहल में 75,000 करोड़ रुपये के निवेश वाली नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं। इसमें बीकानेर, जैसलमेर और जोधपुर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सौर, पवन और हाइब्रिड परियोजनाओं के साथ 'रूफटॉप' (छतों पर) सौर संयंत्र, पारेषण और वितरण तथा ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचा शामिल है।

### 5वें एवं छठे वेतनमान के अंतर्गत राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों के महंगाई भत्ते में वृद्धि प्रस्ताव का दीया कुमारी ने किया अनुमोदन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सुशासन को समर्पित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पांचवें एवं छठे वेतनमान के अंतर्गत राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों के महंगाई भत्ते में गत 1 जुलाई से क्रमशः 12 प्रतिशत एवं 7 प्रतिशत की वृद्धि के निर्णय के प्रस्ताव का अनुमोदन उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कर दिया है। दिया कुमारी ने बताया कि इस निर्णय के परिणामस्वरूप पांचवें वेतनमान में महंगाई भत्ता 443 प्रतिशत से बढ़कर अब 455 प्रतिशत एवं छठे वेतनमान में 239 प्रतिशत से बढ़कर 246 प्रतिशत हो गया है। यह निर्णय कर्मठता के प्रतीक हमारे सेवारत एवं सेवानिवृत राज्य कर्मचारियों के जीवन में खुशहाली के नवीन प्रभात की कड़ी है। उन्होंने कहा कि 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के विजन के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण उत्थान हेतु हमारी सरकार कटिबद्ध है।

### 'हर स्टोरी: एडवांसिंग इन्क्लूजिव सोसायटीज सत्र का आयोजन

### महिलाओं की सफलता की कहानियों से मिलेगी औरों का प्रेरणा

# महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की तरफ बढ़ा रहे कदम

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अगर महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो देश आगे बढ़ेगा। राज्य सरकार इस आधी आबादी के उत्थान तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। वे सेशन 'हर स्टोरीजः एडवांसिंग इन्क्लूजिव सोसायटीज' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशानुसार हम महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। इसीलिए राइजिंग राजस्थान में महिलाओं के लिए हमने यह सत्र आयोजित किया है। इस सत्र में महिला वक्ताओं की सफलता की कहानियों से सभी महिलाएं प्रेरणा लेंगी।



#### महिला उद्यमियों को मिले प्रोत्साहन: दीया

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा यह आयोजन राज्य में निवेशकों के लिए स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने निवेशकों से आग्रह किया कि वे उद्योग जगत में महिला उद्यमियों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन दें। महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने कहा कि हम राजस्थान को आर्थिक उन्नति की एक नई राह दिखा रहे हैं। सत्र में लेडी श्रीराम कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. श्वेतांशु भूषण, हस्तशिल्प डिजाइनर रूमा देवी, फिन्टेच सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड स्टार्टअप की सीईओ व मैनेजिंग डायरेक्टर निमिषा जे वडक्कन, जिंदल एसडब्ल्यू की मैनेजिंग डायरेक्टर सुश्री मीनू जिंदल ने अपने स्टार्टअप की जानकारी दी।

### और मजबूत होगी जापान राजस्थान की पार्टनरशिप



**राइजिंग** राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के पहले दिन हुए कंट्री सेशन (जापान) में 'वर्सेटिलिटी ऑफ इंडस्ट्रीज-मैन्युफैक्चरिंग एंड बियोंड' विषय पर जापान और राजस्थान के जनप्रतिनिधियों, उद्योगपतियों और निवेशकों ने विस्तार से मंथन किया। विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि जापान के साथ राजस्थान के लगभग डेढ़ दशक पुराने रिश्ते रहे हैं। जायका और जेट्रो कई वर्षों से राज्य के साथ जुड़कर बेहतरीन काम कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में दोनों देशों के मध्य निवेश का रिश्ता और अधिक मजबूत होगा।

### डेनमार्क के अनुभव से जल प्रबंधन सुधरेगा



सोमवार को समिट के पहले दिन इस सत्र ने राजस्थान और डेनमार्क के बीच सहयोग को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया, जहां दोनों पक्षों ने जल प्रबंधन की तकनीकों, ऊर्जा दक्षता, निवेश के अवसरों और औद्योगिक साझेदारी पर गहन चर्चा की। पीएचईडी मिनिस्टर कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि डेनमार्क स्मार्ट तकनीकों के जरिए जल प्रबंधन में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है और राजस्थान को इससे प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने डेनिश प्रतिनिधियों को राजस्थान में उद्योग स्थापित करने के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

मार्गशीर्ष, पक्ष - शुक्ल, तिथि - एकादशी, संवत 2081 जयपुर, बुधवार वर्ष-10, अंक-41, 17 दिसम्बर - 17 दिसम्बर, 2024 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- पेज-3 jagrukjanta.net

# जागरूक जनता




## राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट शुरू: बड़े औद्योगिक घरानों ने पीएम के सामने दोहराया निवेश का संकल्प

## भजनलाल शर्मा जी और उनकी टीम ने किया शानदार काम

# राजस्थान का क्षेत्रफल ही नहीं यहां के लोगों का दिल भी बड़ा है

### ग्लोबल विजन और ग्लोबल इंपैक्ट से देश निकला आत्मनिर्भर भारत के नए सफर पर

### सीएम ने किए कई बड़े ऐलान


- 1,25,000 छात्राओं को साइकिल वितरित की जाएगी
- 21,000 बालिकाओं को स्कूटी वितरण किया जाएगा
- 13 दिसंबर को किसानों, 14 दिसंबर को महिलाओं और 15 दिसंबर को मजदूर कल्याण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं की शुरूआत की जाएगी
- 100 करोड़ रुपए स्वयं सहायता समूहों को ऋण वितरण
- 1,00,000 नवीन लखपति दीदी का किया जाएगा सम्मान
- 20,000 महिलाओं को संकल्प पत्र में किए गए वादे के अनुसार, 450 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा राज्य सरकार का एक वर्ष पूरा होने पर।



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net


**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीतापुरा स्थि त जयपुर एग्जीबि शन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट का शुभारंभ किया। इसमें बड़े -बड़े उद्योगपति शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजस्थान राइजिंग तो है ही रिलायबल भी है। राजस्थान रिसेप्टिव भी है। समय के साथ खुद को रिफाइन करना भी जानता है। चुनौति यों से टकराने का नाम राजस्था न है। नए अवसर बनाने का नाम है राजस्थान। राजस्थान के इस आर फैक्टर में एक और नाम जुड़ गया। इस दौरान पीएम ने प्रदेश के सीएम भजनलाल शर्मा की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लोगों ने भारी बहुमत से रिस्पोंसिव रिफॉर्मिव सरकार बनाई। जिस तरह राजस्थान का क्षेत्रफल बड़ा है, उसी तरह यहां के लोगों का दिल भी बहुत बड़ा है। पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान का सामर्थ्य यहां इनवेस्टमेंट के लिए आकर्षित करता है। उन्होंने आगे कहा कि राजस्थान में एक और विशेषता है। यहां सीखने का गुण है। अपना सामर्थ्य बढ़ाने का गुण है। इसके साथ ही यहां भजनलाल शर्मा ने और उनकी पूरी टीम में प्रदेश में शानदार काम कि या है। अब यहसरकार कुछ ही दि न में अपने एक साल पूरे करने जा रही है। सम्मेलन में सीएम भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चंदन की लकड़ी से बनी हुई तलवार भेंट की। इस तलवार पर महाराणा प्रताप के जीवन के 6 प्रसंग उकेरे गए हैं। इस दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े सहित कई लोग मौजूद थे।

### 7.5 लाख करोड़ का निवेश करेगा अडाणी ग्रुप




अडाणी ग्रुप के करण अडाणी ने घोषणा की कि कंपनी राजस्थान में 7.5 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी। उन्होंने बताया कि हम राजस्थान में दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीन एनर्जी इकोसिस्टम विकसित करेंगे। इसके अलावा, चार नए सीमेंट प्लांट भी लगाए जाएंगे, जिससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा।

### रिन्यूएबल एनर्जी और ज्वेलरी क्षेत्र में निवेश




आदित्य बिड़ला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि मैं इस कार्यक्रम में मेजबान की भूमिका में हूं, क्योंकि मेरी जड़ें राजस्थान से जुड़ी हैं। उन्होंने घोषणा की कि उनकी कंपनी राजस्थान में रिन्यूएबल एनर्जी और ज्वेलरी क्षेत्र में 6,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। नाथद्वारा में सीमेंट प्लांट भी लगाएंगे।

### बावड़ियां इनोवेशन का उदाहरण



महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने राजस्थान की बावड़ियों को इनोवेशन का अद्भुत उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि हमारी कंपनी का इतिहास राजस्थान से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि जयपुर में स्थित महिंद्रा सेज में कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियां निवेश कर रही हैं और 5,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है।

### इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना का किया वादा



उद्योगपति अनिल अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान में खनिज संसाधनों की प्रचुरता है। इटली से भी अधिक इमारती पत्थरों की खदानें राजस्थान में हैं। हम राजस्थान में नॉन-प्रॉफिट इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करेंगे, जहां रॉ मैटेरियल की सप्लाई की जाएगी। हमारी कंपनी ने राजस्थान में 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है।

### 35 लाख करोड़ के एमओयू

स्वागत भाषण में सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि समिट से पहले ही सरकार 35 लाख करोड़ का विभिन्न कंपनियों से एमओयू कर चुकी है। इसका लाभ सीधे राजस्थान और यहां के लोगों को मिलेगा। अब कृषि के साथ ही उद्योगों को भी पर्याप्त पानी मिल पाएगा। हमने पहले साल में समिट का आयोजन इसलिए किया कि अगले 4 सालों में हम निवेश को धरातल पर उतार सकें। सीएम ने कहा कि हमने निवेशकों के लिए कई महत्वपूर्ण नीतियां बनाई हैं। उन्होंने इस दौरान राज्य की जनता के लिए कई बड़े ऐलान भी किए।

### पीएम ने दिए सीएम को अच्छे मार्क्स



वसुंधरा राजे ने कहा कि पीएम मोदी ने हमारे सीएम को इतने अच्छे मार्क्स दिए हैं, इसका मतलब यह है कि पूरी सरकार ने मिलकर गहलोत सरकार के बाद 1 साल में जो बदलाव किए, वो रंग लाए। वहीं पीएम मोदी ने जो कहा उन कदमों पर चलेंगे तो इसका फायदा हमारी जनता को मिलेगा।

---

राजस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाओं पर चर्चा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की राजनयिकों, उद्योगपति और निवेशकों से मुलाकातें



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के पहले दिन राजनयिकों, देश - विदेश के उद्योगपतियों और निवेशकों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से समिट में पधारे जापान के राजदूत केइची ओनो, स्विट्जरलैंड की राजदूत माया तिसाफी, पोलैण्ड राजदूतावास की डिप्टी स्पीकर डोरोथा जियेदजिला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। आईटीसी के सीएमडी संजीव पुरी ने भी मुख्यमंत्री से भेंट की।

मुलाकात के दौरान शर्मा ने निवेशकों के साथ राजस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाओं के बारे में चर्चा की। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को राज्य में निवेश के लिए हर प्रकार की सुविधाएं, रियायतें और सहायता उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने और सिंगल विंडो प्रणाली के जरिए प्रक्रिया में लगने वाला समय कम किया गया है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में निवेश का अनुकूल माहौल बनाने के लिए दस नई नीतियां लागू की है। मुख्यमंत्री से विभिन्न देशों के अन्य राजनयिकों एवं प्रतिनिधिमंडलों ने भी व्यक्तिशः मुलाकातें की। इस दौरान निवेशकों और उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री को अपने अपने सुझाव दिए।

---

"राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट" की "प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव"

## राजस्थानी जहां गए, वहां की आर्थिक स्थिति को सुधारा-राज्यपाल बागडे

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राजस्थानी जहां जहां जाकर बसे हैं वहां की अर्थव्यवथा में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आठ करोड़ की जनसंख्या बताई जा रही है। इसके अलावा भी दो ढाई करोड़ बाहर प्रवास करते हैं। इन सबको मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा हक से बुलाकर राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों पर राजस्थान का अधिकार है। वे यहां आएं और मातृभूमि का ऋण चुकाने के लिए निवेश करें। उन्होंने कहा कि हमारे महाराष्ट्र में कहावत है, जहां न पहुंचें बैलगाड़ी वहां पहुंचे मारवाड़ी। राजस्थानी जहां गए हैं वहां अच्छा कार्य किया। लगन और परिश्रम से अपना स्थान बनाया है। राज्यपाल बागडे मंगलवार को "राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट" की "प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव" में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने देशभर की अर्थव्यवथा में महती भूमिका निभाई हैं। अब समय राजस्थान को विकसित करने का है। राज्यपाल ने कहा कि दुग्ध क्षेत्र में राजस्थान अग्रणी है। इस क्षेत्र में और विकास की आवश्यकता है।




### सब राजस्थान को हिंदुस्तान का नंबर 1 प्रदेश बनाने का संकल्प लें - माथुर

सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने कहा कि राजस्थान का व्यक्ति विश्व भर में अपने कठिन परिश्रम के लिए जाना जाता है राजस्थानी देश के किसी भी राज्य में गया हो अथवा विदेश में उसने, हर जगह अपना नाम कमाया है। साथ ही वह अपनी जन्मभूमि को कभी नहीं भूले हैं। उन्होंने कहा कि गत 10 सालों में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अब भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है तथा विश्व गुरु एवं सोने की चिड़िया बनने की राह पर है।

## प्रवासी राजस्थानियों के लिए बनेगा विशेष विभाग - मुख्यमंत्री शर्मा

### 10 दिसंबर को हर वर्ष मनाया जाएगा प्रवासी राजस्थानी दिवस

**मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश दुनिया में प्रवासी राजस्थानियों की मेहनत, कर्मठता और लगन से राजस्थान गौरवान्वित हुआ है। हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया है कि प्रवासी राजस्थानियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए एक विशेष विभाग बनाया जाएगा। साथ ही, 10 दिसंबर को हर वर्ष प्रवासी राजस्थानी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य में पहली बार हर साल प्रवासी राजस्थानी सम्मान देने का निर्णय लिया है। प्रवासी राजस्थानियों के परिवारों को किसी तरह की समस्या आती है, तो इसके लिए हर जिले में सिंगल प्वाइंट कॉन्टेक्ट बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हाईवे का तीसरा एवं रेलवे का पांचवां सबसे बड़ा नेटवर्क, सात प्रमुख हवाई अड्डे और दिल्ली-मुंबई फ्रेट कॉरिडोर राजस्थान को परिवहन के लिए अत्यंत सुविधाजनक स्थान बनाते हैं। भारत का सबसे बड़ा राज्य राजस्थान अब बड़े अवसरों की भूमि बन रहा है। उन्होंने कहा कि हम अगले 5 साल में राज्य की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर करने के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।

### सरकारी प्रक्रियाएं सरल, निवेश अनुकूल वातावरण

**शर्मा** ने कहा कि हमने निवेशकों के लिए एक ऐसा माहौल तैयार किया है, जहां उन्हें हर संभव सुविधाएं मिलेंगी। हमने निवेश के लिए सरकारी प्रि याओं को सरल बनाया है तथा उद्योगों में नवाचारों को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि निवेशकों के लिए 10 नई नीतियां बनाने के साथ ही राज निवेश पोर्टल से समयबद्ध मंजूरी भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से अपील की है कि वे राज्य के विकास में भागीदार बनें तथा अपनी मातृभूमि में निवेश कर अपनी आने वाली पीढ़ी के जुड़ाव को मजबूत करें। शर्मा ने राजस्थान में अपार संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यहां का हर कोना, अपनी समृद्ध धरोहर, प्रकृति, संस्कृति और विविधताओं का दर्शन करवाता है। यहां वाइल्ड लाइफ, वेलनेस, वेडिंग एवं धार्मिक पर्यटन के बढ़ने के कारण होटलों की मांग तेजी से बढ़ रही है। राजस्थान में प्रतिवर्ष देश-विदेश से करोड़ों पर्यटक आते हैं।

## सम्पादकीय

# भारत बेफिक्र नहीं, वैकल्पिक व्यवस्था पर निगाहें

**सीरिया** में इस्लामी विद्रोहियों द्वारा राष्ट्रपति असद को अपदस्थ करने और देश से भागने पर मजबूर करने के बाद, भारत ने चिंता व्यक्त की है। सीरिया में बढ़ते इस्लामी कट्टरपंथ, आईएसआईएस के पुनरुत्थान की संभावना और कश्मीर पर सीरिया के रुख में बदलाव की आशंका भारत के लिए चिंता का विषय है।

सीरिया में बीते दिनों जिस तरह से इस्लामी विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क पर कब्जा किया और राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़ने को मजबूर हुए, वह अप्रत्याशित तो है ही, पूरे पश्चिम एशिया के लिए अनिश्चितता के एक नए सिलसिले की शुरुआत साबित हो सकता है। इस प्रकरण में कई ऐसे पहलू हैं, जो भारत की चिंता से सीधे तौर पर जुड़ते हैं। चाहे राष्ट्रपति बशर अल-असद हों या उनके पिता हाफिज अल-बशर, दोनों निरंकुश माने जाते रहे, लेकिन सीरिया में दोनों ने सेकुलर नीति अपनाई। उनके शासन काल में इस्लामी कट्टरपंथियों पर अंकुश बना रहा। अब उनकी जगह काबिज हुए इस्लामी विद्रोहियों के संभावित रुख को लेकर दुनिया भर में आशंकाएं हैं। सीरिया में उनकी वजह से ISIS जैसे आतंकवादी समूह के फिर से सिर उठाने का डर पैदा हो गया है। ऐसे में यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या आने वाले दौर में भारतीय उपमहाद्वीप में आतंकी तत्वों की सक्रियता बढ़ने वाली है।

सीरिया के साथ भारत के आर्थिक रिश्ते भले ही ज्यादा प्रगाढ़ न हुए हों, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोनों एकजुट रहे हैं। यही नहीं, बशर अल-असद ने कश्मीर के सवाल पर हमेशा भारत का साथ दिया। यहां तक कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने को लेकर भी सीरिया ने कहा था कि यह भारत का आंतरिक मामला है और किसी भी देश को अपने भूभाग में नागरिकों की हिफाजत के लिए जरूरी कदम उठाने का पूरा अधिकार है। देखना होगा कि बदले हालात में सीरिया के रुख में किस तरह का और कितना बदलाव आता है।

विद्रोही गुटों को हासिल तुर्किये के कथित समर्थन को देखते हुए कुछ एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि सीरिया के नए निजाम की नीतियों पर उसका प्रभाव दिखेगा। अच्छी बात यह है कि तुर्किये के साथ भी भारत के रिश्तों में पिछले कुछ समय में सुधार देखा जा रहा है। जहां कश्मीर पर उसके रुख में नरमी आई है, वहीं भारत ने भी ब्रिक्स में तुर्किये की एंट्री को रोकने का प्रयास नहीं किया।

सीरिया के घटनाक्रम पर भारत ने जिस तत्परता से अपना रुख स्पष्ट किया, वह भी काफी कुछ कहता है। 24 घंटे के अंदर ही विदेश मंत्रालय ने सीरिया की एकता, अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने की जरूरत बताते हुए कहा कि मसले का हल निकालने की प्रक्रिया न केवल शांतिपूर्ण बल्कि सीरिया की अगुआई वाली और समाज के सभी तबकों के हितों का ध्यान रखने वाली होनी चाहिए। जाहिर है, सीरिया मामले से जुड़े अपने हितों को लेकर भारत संवेदनशील और गंभीर है।

**राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में कठिनाई, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वायु प्रदूषण को लेकर हालात बहुत ही चिंताजनक हो गए हैं, ऐसे में लोग अब मास्क पहनकर घर से बाहर निकल रहे हैं।**

# जहरीली हवा के कारण सांसों पर संकट


**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

> **वायु प्रदूषण की समस्या पिछले एक दशक से लगातार कायम है। प्रदूषण को नियंत्रण करने को लेकर सरकार की पिछले एक दशक की सभी योजनाएं विफल साबित हुई हैं। यह विफलता सरकार के लचर ढांचे और चरमराती व्यवस्था की गवाही है।**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**राजधानी** दिल्ली में जहरीली हवा के कारण लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया और हालात इस हद तक बिगड़े कि स्कूल-कॉलेज बंद करने पड़े और दफ्तरों में भी कर्मचारियों की मौजूदगी कम कर दी गई। हाल के दौर में राजधानी और इसके आसपास के शहरों का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) खतरनाक स्तर पर पहुंच गया और यहां ग्रेडेड रेस्पांस सिस्टम 4 (ग्रैप) लागू करना पड़ा। ग्रैप 4 तब लागू किया जाता है जब प्रदूषण का स्तर गंभीर स्थिति में पहुंच जाता है। ग्रैप 4 के तहत कुछ कड़े कदम उठाए जाते हैं। ग्रैप 4 के तहत कई तरह की पाबंदियां और दिशा-निर्देश लागू होते हैं। इसके तहत शहर में ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है और सार्वजनिक परियोजनाओं पर निर्माण कार्य को स्थगित करने समेत प्रदूषण नियंत्रण के कड़े उपाय लागू किए जाते हैं। इलेक्ट्रिक व्हीकल और सीएनजी तथा बीएस-6 डीजल वाहनों को छोड़कर, दिल्ली के बाहर पंजीकृत गैर-आवश्यक हल्के वाणिज्यिक वाहनों पर भी बैन रहता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी में पिछले हफ्ते एक्यूआई 498 दर्ज किया गया, जो इसे 'गंभीर प्लस' श्रेणी में रखता है। बढ़ते प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में कठिनाई, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वायु प्रदूषण को लेकर हालात बहुत ही चिंताजनक हो गए हैं, ऐसे में लोग अब मास्क पहनकर घर से बाहर निकल रहे हैं, ताकि वह प्रदूषण से बच सकें। विशेषज्ञों के मुताबिक, एक्यूआई का 500 के करीब होना बताता है कि हवा में विषैले कणों की मात्रा इतनी अधिक हो गई है कि यह स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से हानिकारक है, विशेषकर उन लोगों के लिए जिनकी उम्र कम या ज्यादा है और जिन्हें सांस की बीमारियां हैं।

प्रदूषण बढ़ने के कारण कई लोगों को स्वास्थ्य संबंधी ऐसी ही तमाम दिकतों का सामना करना पड़ रहा है। यह एक हेल्थ इमरजेंसी है। यह समस्या पिछले एक दशक से लगातार चली आ रही है। प्रदूषण को नियंत्रण करने को लेकर सरकार की पिछले एक दशक की सभी योजनाएं विफल साबित हुई हैं। यह विफलता सरकार के



लचर ढांचे और चरमराती व्यवस्था की गवाही है। प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जब सरकार से सवाल किया जाता है तो आरोप-प्रत्यारोप का दौर चालू हो जाता है। लोगों की जान से ज्यादा राजनीति को महत्व दिया जा रहा है। वहीं इन बयानबाजियों के उलट पड़ोसी देश चीन ने बड़ी योजनाबद्ध ढंग से अपने देश में प्रदूषण की समस्या को खत्म किया है। साल 2005 में लांसेट की एक रिपोर्ट में चीन की राजधानी बीजिंग को वायु प्रदूषण का कैपिटल कहा गया था। इस दौरान चीन में वायु प्रदूषण की वजह से हर साल बड़ी संख्या में लोगों की जान जा रही थी। इसी को देखते हुए चीन ने साल 2013 में वायु प्रदूषण के खिलाफ जंग की शुरुआत की। इस दौरान उसने नेशनल एयर क्वालिटी एक्शन प्लान लागू किया। इसको लेकर सरकार ने 19 हजार करोड़ की योजनाओं को मंजूरी दी। इस समस्या से निजात पाने के लिए प्रदूषण फैलाने वाली कंपनियों पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए। वायु प्रदूषण फैलाने वाले कारखानों को शहर से दूसरी जगह पर शिफ्ट किया गया। यही नहीं कुछ कारखानों पर तो पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया। इसके अलावा इन कारखानों में कोयले का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाया गया। पुरानी गाड़ियों को चलाने पर रोक लगाकर इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन देश में बढ़ाया गया।

शहरों में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के गलियारे बनाए गए। बीजिंग में साल 2013 में स्कूलों, अस्पतालों और घरों में कोयले का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर ईंधन के रूप में किया जाता था। इस पर सरकार ने रोक लगा दी और इसकी जगह प्राकृतिक गैस और हीटर को बढ़ावा दिया गया। इन प्रयासों के बाद चीन में प्रदूषण के स्तर में गिरावट देखने को मिली। साल 2013 में जहां पीएम 2.5 वायु प्रदूषण का स्तर 101.56 माइक्रोग्राम था वहीं साल 2023 में यह गिरकर 39 माइक्रोग्राम रह गया।

विशेषज्ञों का कहना है कि अगर राष्ट्रीय राजधानी के चारों तरफ एक किमी चौड़ा जंगल और 53 स्मॉग टावर बना दिए जाएं तो दिल्ली को प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है। इस जंगल को रिंग फोरेस्ट भी कहा जाता है। दिल्ली के आसपास का अरावली क्षेत्र अब धीरे-धीरे बंजर होता जा रहा है। यहां इतने बड़े पैमाने पर माइनिंग हो रही है कि ये हरा भरा इलाका बहुत जल्द ही रेगिस्तान की तरह हो जाएगा। सरकारों का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। मनमर्जी तरीके से माइनिंग के लाइसेंस और फार्म हाउस बनाने को मंजूरी दी जा रही है। नियमों से परे हटकर, कॉमर्शियल लैंड यूज (सीएलयू) सर्टिफ़िकेट बांटा जा रहा है। इसके चलते यहां पर जंगल खत्म हो गए हैं। बाहरी दिल्ली के चारों ओर एक किलोमीटर चौड़ा या उससे कम ज्यादा क्षेत्र वाला जंगल बनाया जा सकता है। इसके लिए केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति का होना जरुरी है। रिंग फोरेस्ट और स्मॉग टावर, यदि इस योजना पर काम किया जाए तो दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स 200 के आसपास रह सकता है।

स्मॉग टावर अलग अलग क्षमता वाले होते हैं। जैसे चीन में जिन टावर का इस्तेमाल किया जाता है, उनकी लंबाई 50 से सौ मीटर तक होती है। ये टावर दस किलोमीटर के दायरे में हवा को साफ कर देता है। अगर दिल्ली की बात करें तो यहां 53 छोटे स्मॉग टावर लगाने होंगे। यह टावर करीब तीन किलोमीटर के क्षेत्र की हवा को साफ कर सकता है। 40 फीट लंबे और 20 फीट चौड़े ये टावर प्रतिदिन 32 मिलियन क्यूबिक मीटर हवा को साफ करने की क्षमता रखते हैं। 3 किलोमीटर के दायरे में स्वच्छ हवा मिलने का लाभ 75,000 लोगों को मिलेगा। टावर में लगे शोधक सभी कोणों से हवा ग्रहण करेंगे और बदले में प्रति घंटे 13,00,000 घन मीटर स्वच्छ हवा बाहर फेकेंगे। टावर में लगे क्लीनर 99.99 प्रतिशत प्रदूषकों को साफ करने के लिए नौ चरणों में भौतिक फिल्टर के जरिए काम करते हैं। ये फिल्टर पार्टिकुलेट मैटर 10 और ऊपर के कणों को हटा देते हैं। एच 14 ग्रेड वाले फिल्टर (अत्यधिक प्रभावी पार्टिकुलेट एरेस्टेंस) पीएम 2.5 कण (छोटे कण) को 99.99 प्रतिशत तक साफ करने में सक्षम होते हैं।

## ओपिनियन

# तीसरी आंख से देखें दूसरी ही दुनिया

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net


**संतोष मिश्रा**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**शिव** की तीसरी आंख के बारे में हम सबने सुना है। माथे पर दोनों भृकुटियों के बीचोंबीच जहां योगियों के लिए आज्ञा चक्र का स्थान सुनिश्चित है और जहां अमूमन वे ध्यान लगाते हैं, यहीं होती है तीसरी आंख। लेकिन इस आंख की खासियत यह है कि यह बाकी दोनों आंखों की तरह बाहर की ओर न खुलकर भीतर की ओर खुलती है। यानी इस आंख के रास्ते आप अपने भीतरी लोक में उतर सकते हैं। आप इसके जरिए अपने भीतरी लोक में उतरते रहते हैं उतना ही आपका भीतरी लोक साफ-सुथरा, उज्जवल और दिव्य होते जाता है। यह ऐसा ही है कि किसी के एक घर में रहने से वह घर उस घर की तुलना में कहीं ज्यादा साफ-सुथरा रहता है जिस घर में कि कोई नहीं रहता हो। जब आप भीतर के तहखाने में नहीं उतरते तो वहां मकड़ियां जाले बुन लेती हैं, वहां डरावना अंधकार भरा रहता है। लेकिन अगर आप रहने लगें तो वहां एक रोशनी बनी रहती है। जितना आप तीसरी आंख के जरिए भीतर उतरेंगे, उतना आपका भीतर दिव्य होता जाता है। इसीलिए कुछ लोग इस तीसरी आंख की तुलना दिव्यदृष्टि से करते हैं।



विज्ञान की बात करें, तो इसी आंख के भीतर जरा सा नीचे पीनियल ग्रंथि होती है। यह ग्रंथि 5 से 9 मिलीमीटर लंबी और कोन के आकार की होती है। यह ग्रंथि मेलाटोनिन नामक हार्मोन बनाती है, जो हमारी नींद, शरीर की घड़ी और जागरूकता यानी हमारी अवेयरनेस को नियंत्रित करती है। लेकिन प्राचीन भारतीय ग्रंथों और अन्य संस्कृतियों में इसे हमारी आत्मिक ऊर्जा का केंद्र माना गया है।

मिस्र की सभ्यता में इसे Eye of Horus कहा गया, और भारतीय योग में इसे आत्मज्ञान और ब्रह्मांड से जुड़ने का द्वार माना गया है। ब्रह्मांड से जुड़ने कर अर्थ है कि इस आंख के खुलने से आपको ब्रह्मांड की प्रज्ञा मिल जाएगी और उस प्रज्ञा के साथ आप कालद्रष्टा बन जाएंगे। कालद्रष्टा बनें या न बनें, इस आंख के खुलने से आपके भीतर की अंधेरी दुनिया जरूर रोशनी से भर जाएगी। इस रोशनी में आप दुनिया को भी रोशन नजरों से देखने लगोगे।

कहते हैं कि जैसी आपकी भीतरी दुनिया होती है आपको बाहरी दुनिया भी वैसी ही दिखती है। क्या आपने कभी नोट नहीं कियार कि जब भी आप बहुत खुश होते हो, तो आपको बाहरी दुनिया भी खुशी में झूमती दिखती है। चांद खूबसूरत लगता है। प्रकृति मनोरम दिखने लगती है। आपके भीतर जितना प्रेम होता है, दुनिया आपको उतनी प्रेमिल दिखने लगती है। आप भीतर से जितना निराश, उदास होते हैं, आपको बाहरी दुनिया भी उतनी ही निराश, उदास दिखती है। इसलिए सबसे पहले तो जरा इस तीसरी आंख के रास्ते से भीतर-बाहर जाने की आवृत्ति बढ़ा दें। अब बात आती है पीनियल ग्रंथि को एक्टिवेट करने के लिए क्या किया जाए क्योंकि ब्रह्मांडीय प्रज्ञा तो तभी मिल सकती है। इसके लिए आपको छह काम करने होंगे।

**ध्यान करें-** नियमित ध्यान में बैठने का अभ्यास करें और ध्यान आज्ञा चक्र पर ही लगाएं। कम से कम दस मिनट का रोज ध्यान लगाएं।
**प्राणायाम करें-** दो प्राणायाम रोज करें। कपालभाति और अनुलोम-विलोम।
**त्राटक करें-** मोमबत्ती की लौ या दीवार पर एक गोला बनाकर उसे 5-7 मिनट तक अपनक निहारें।
**संगीत सुनें-** 432 हर्ट्ज की अववृत्ति वाला मेडिटेटिव संगीत सुनें। वह आपके ब्रेन को शांत करता है।
**सात्विक भोजन करें-** सब करेंगे और भोजन तामसिक लेंगे, तो बात नहीं बनेगी। भोजन शुद्ध सात्विक रखें।
**योगासन करें-** आपको तीन आसन नियमित करने हैं- शीर्षासन, बालासन और अधोमुख श्वान आसन।

यह सब अगर आप नियमित करने लगे, तो स्वयं आपको अपनी प्रज्ञा जागती महसूस होगी। जीवन से सारे भय खत्म हो जाएंगे और आनंद कई गुना बढ़ जाएगा। जिस सांसारिक सफलताओं के पीछे भागते हो, वह भी टूटकर आपके कदमों के सामने बिछ जाएगी।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



मं यह शरीर रूपी रथ जब तक अपने वश में है, और इन्द्रियां मन आदि साधन अच्छी दशा में विद्यमान हैं तभी तक श्री गुरुदेव के चरण कमलों की सेवा पूजा से शान धराई हुई ज्ञान की तीखी तलवार लेकर भगवान के आश्रय से ऊपर बताए राग द्वेष आदि शत्रुओं का नाश करके अपने आत्म स्वराज्य सिंहासन पर विराजमान हो जाए, नहीं तो तनिक भी प्रमाद होने पर इन्द्रिय रूपी घोड़े और उनसे मित्रता रखने वाला बुद्धि रूप सारथी रथ के स्वामी जीव को उल्टे रास्ते ले जाकर विषय रूपी लुटेरों के हाथ में डाल देगा। वे डाकू सारथि और घोड़ों सहित इस जीव को मृत्यु से अत्यंत भयावने और घोर अंधकारमय संसार के कुएं में गिरा देंगे।

**देह यानि शरीर की नौ अवस्था हैं-**गर्भाधान, गर्भवृद्धि, जन्म, बाल्यावस्था, कुमार, जवानी, अधेड़, बुढ़ापा और मृत्यु। शरीर की छह उर्मियां हैं- भूख, प्यास, शोक, मोह, जरा और मृत्यु। आहार, निद्रा, भय और मैथुन ये सब जीवधारियों के समान हैं। शरीर के तीन ताप कहे गए हैं-दैहिक (रोग आदि शरीर की व्याधियां), दैविक (सर्दी-गर्मी, आंधी-तूफान, भूकम्प आदि), भौतिक (दुर्जनों द्वारा अपमान एवं कष्ट पीड़ा पहुंचाना, चोर, डाकु, लुटेरे, राज भय, दुर्घटना आदि। शरीर में मन और बुद्धि के कार्य हैं- मन कर्ता है, इन्द्रियां करण पंचभूत कार्य हैं। **क्रमशः**

**राइजिंग राजस्थानः अमेरिका कंट्री सेशन में निवेश और साझेदारी के नए आयाम**

# राजस्थान अब एक रेगिस्तानी राज्य नहीं, बल्कि उभरते हुए अवसरों की भूमि है - गजेन्द्र सिंह

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दूसरे दिन मंगलवार को अमेरिका (यूएसए) कंट्री सेशन में सप्लाई चेन और मैन्युफैक्चरिंग पर गहन चर्चा हुई। इस सत्र को राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान अब केवल एक रेगिस्तानी राज्य नहीं, बल्कि उभरते हुए अवसरों की भूमि है। उन्होंने भारत-अमेरिका साझेदारी को आर्थिक समृद्धि और रोजगार सृजन के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र हैं और भारत जल्द ही तीसरा सबसे बड़ा आर्थिक लोकतंत्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने उल्लेख किया कि अमेरिकी कंपनियां पहले ही भारत में 1000 से अधिक उद्योग संचालित कर रही हैं और श्वश्वद्यद्ग जैसी कंपनियों ने भारत में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। राजस्थान की भूमिका पर जोर देते हुए, उन्होंने बताया कि राज्य दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का 30% हिस्सा कवर करता है और इसकी भौगोलिक स्थिति उद्योग और लॉजिस्टिक्स के लिए आदर्श है।



### निवेश के लिए आदर्श राज्य है राजस्थान

**मंत्री** गजेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान में एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी, भारतमाला योजना, और पीएम गतिशक्ति पोर्टल जैसे प्रोजेक्ट्स ने निवेशकों के लिए शानदार आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराया है। उन्होंने राज्य के युवा कार्यबल और प्रतिभा के भंडार पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रतिबद्धता ने इस समिट को संभव बनाया है।

### तकनीकी नवाचार और वैश्विक साझेदारी पर जोर

**सत्र** की शुरुआत में, यूडीएच के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने सप्लाई चेन प्रबंधन में तकनीकी नवाचार, जीएसटी कार्यान्वयन, और लॉजिस्टिक्स में राजस्थान की क्षमता पर चर्चा की।

### विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए

**चंद्रकांत** सलुंखे ने SMEs के लिए निवेश और अनुबंध निर्माण के अवसरों पर प्रकाश डाला। राजिंदर सिंह भाटिया ने मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई चेन में रणनीतिक पहलुओं पर बात की। डॉ. अनिर्बाण अधिकारी ने सप्लाई चेन में स्थिरता चुनौतियों पर चर्चा की। डॉ. बृजेश बारसे ने स्वास्थ्य और कृषि सप्लाई चैन में स्थिरता पर विचार प्रस्तुत किए।

### संयुक्त समृद्धि की ओर बढ़ता राजस्थान

**सत्र** के अंत में वक्ताओं ने राजस्थान को एक महत्वपूर्ण रक्षा विनिर्माण क्षेत्र और वैश्विक निवेश का केंद्र बनाने के लिए साझा रणनीतियों पर जोर दिया। अंत में गालरिया ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट ने न केवल राज्य को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित किया, बल्कि भारत-अमेरिका के बीच आर्थिक सहयोग को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए नवीन अवसर पैदा किए है।

# राजस्थान में निजी कंपनियों ने सीएसआर नीति के तहत 5 साल में 3800 करोड़ रूपए सामाजिक दायित्वों में किए खर्चः- मदन राठौड़

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में निजी क्षेत्र में कार्य कर रही कंपनियों ने कारपोरेट सामाजिक उत्तर दायित्व (सीएसआर) का निर्वहन करते हुए पिछले 5 साल में 3800 करोड़ रूपए से अधिक की धन राशि सामाजिक कार्यों में खर्च की है। इतना ही नहीं, निजी कंपनियों का द्वारा साल दर साल कारपोरेट सामाजिक दायित्व में खर्च की जा रही राशि में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। 5 साल पहले जहां राजस्थान में सीएसआर फंड के तहत 2018-19 में 595.49 करोड़ रूपए खर्च किए गए, वहीं 2022-23 में यह राशि 1102.16 करोड़ हो गई। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ द्वारा सीएसआर नीति के संबंध में लगाए गए सवाल के जवाब में केंद्रीय वित्त एवं कारपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह जानकारी दी। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निजी सेक्टर में निवेशक लगातार निवेश कर रहे है और मोदी सरकार की पारदर्शी नीतियों के चलते निजी कंपनियों को सालाना मुनाफा भी लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में कंपनियों द्वारा सीएसआर समिति का गठन कर सामाजिक कार्यों में भी खर्च कर रही है। देश में इंटरनेट बैंकिंग और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन बढ़ने से निजी सेक्टर की कंपनियों द्वारा सभी डेटा ऑनलाइन किया जा रहा है।

**अरिहंत ग्लोबल ने मनाया 11वां स्थापना दिवस**

# सफलता, नैतिकता और प्रगति का संगम

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** डिजिटल मार्केटिंग एजेंसी, अरिहंत ग्लोबल ने अपने 11वें स्थापना दिवस पर सफलता और नैतिकता के साथ MSMEs, डिजिटल मार्केटिंग, शिक्षा, ई-कॉमर्स, ज्वैलरी व्यवसाय और स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय योगदान का जश्न मनाया। कंपनी ने इन वर्षों में अपने ग्राहकों और साझेदारों के साथ मजबूती से काम करते हुए उद्योग में एक प्रभावशाली पहचान बनाई है और कई अवार्ड्स हासिल करके अपनी पहचान बनाई है। इस खास मौके पर कंपनी ने 7 दिवसीय "अरिहंत फ्यूजन" इवेंट का आयोजन कार्यालय में किया, जहां उद्योग जगत के दिग्गज अतिथियों ने शिरकत की और अपने अनुभव व ज्ञान साझा किए। इवेंट में विभिन्न सेशन्स, वर्कशॉप्स और प्रेरणादायक चर्चाओं का आयोजन किया गया, जिसने इसे न केवल कंपनी के लिए बल्कि भागीदारों के लिए भी एक यादगार अनुभव बना दिया। अरिहंत ग्लोबल के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार जैन, सुनीता जैन ने इस मौके पर कहा, "हम सफलता के इस मुकाम तक पहुंचने का श्रेय अपनी समर्पित टीम, ग्राहकों और साझेदारों को देते हैं।

बोर्ड एडवाइजर डॉ अरुण अग्रवाल ने बताया कि यह यात्रा कंपनी की नैतिकता और पारदर्शिता के मूल्यों पर आधारित रही है।" उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी आने वाले समय में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में , खासकर MSMEs के लिए संपूर्ण डिजिटल रणनीति और उन्हें प्रगति देने के लिए कार्य योजना बना रही है , AI, तकनीक क्षेत्र में काम करते हुए ऑटोमेशन लाएगी। कार्यक्रम ने न केवल अरिहंत ग्लोबल को एक "ग्रेट प्लेस टू वर्क" के रूप में स्थापित किया, बल्कि उद्योग के भविष्य के प्रति एक नई दृष्टि भी प्रदान की। आज अरिहंत ग्लोबल वेबसाइट, डिजिटल मार्केटिंग, मोबिलिटी, ब्रांडिंग, वीडियो एनीमेशन, सोशल मीडिया में उतकृष्ट कार्य कर रही है, और अपने नवीन प्लेटफॉर्म मानव इनवाइट्स के माध्यम से इनविटेशन प्लेटफॉर्म को सरल और सुगम बना रही है। अंकित जैन ने बताया राशिका शर्मा को एंप्लॉई ऑफ द ईयर 24 दिया गया, लीडरशिप अवॉर्ड राकेश जांगिड़ को दिया, खुशी के मौके पर लोकेश, राज, लक्षिता, हिमांशु, शैलेन्द्र, आयुषी, काशिफ इत्यादि मौजूद रहे। खास मौके पर अरिहंत ग्लोबल स्टोरी का अमेजन पे eBook और निर्देशक राहुल जैन की प्रेरणात्मक कहानी को कई द्र वेबसाइट पे लॉन्च की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अरुण अग्रवाल (बोर्ड एडवाइजरः अरिहंत ग्लोबल, फोर्टी) जगदीश सोमानी (महाराजा ग्रुप, VKIA इंडस्ट्री) सुशील गुप्ता इत्यादि उपस्थिति रहे और अरिहंत फ्यूजन 24 में वक्ता के रूप में संतोष शर्मा, प्रोफेसर त्रिलोक चंद जैन, आकाश अहा नेक्सक्रूस, देवेंद्र शारदा, शिल्पा अग्रवाल, एडवोकेट जागृति अग्रवाल, मीना अग्रवाल (कैडडेस्क) इत्यादि मौजूद रहे।

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

## जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 11/12/2024**

**सूर्योदय** : 07:09 **सूर्यास्त** : 17:30 **चन्द्रोदय** : 14:13 **चन्द्रास्त** : 02:30 **शक सम्वत** : 1946 क्रोधी **अमान्ता महीना** : मार्गशीर्ष **पूर्णिमांत** : मार्गशीर्ष **सूर्य राशि** : वृश्चिक **चन्द्र राशि** : मीन **पक्ष** : शुक्ल **तिथिः** एकादशी, 25:08 तक **वार** : बुधवार **चन्द्रमास मार्गशीर्ष** : पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत** : 2081 पिङ्गल **मार्गशीर्ष** : अमान्त **गुजराती सम्वत** : 2081 नल **ऋतुः** शरद ।

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : रेवती, 06:58 तक
**योग** : वरीघा, 18:39 तक
**प्रथम करण** : वणिजा, 14:26 तक
**द्वितिय करण** : विष्टि, 25:08 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 05:15 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:42 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 01:58 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 05:22 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 05:25 पी एम से |
| अमृत काल | 09:34 ए एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:48 पी एम से |
| रवि योग | 07:04 ए एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : शनि
कुंभ चक्रः पश्चिम

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 07:09 - 08:26 | उद्वेग | 17:29 - 19:12 |
| अमृत | 08:26 - 09:44 | शुभ | 19:12 - 20:54 |
| काल काल वेला | 09:44 - 11:01 | अमृत | 20:54 - 22:37 |
| शुभ | 11:01 - 12:19 | चर | 22:37 - 00:19 |
| रोग वार वेला | 12:19 - 13:36 | रोग | 00:19 - 02:02 |
| उद्वेग | 13:36 - 14:54 | काल | 02:02 - 03:44 |
| चर | 14:54 - 16:11 | लाभ | 03:44 - 05:27 |
| लाभ | 16:11 - 17:29 | उद्वेग | 05:27 - 07:09 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज एकादशी

**आज कौन सा कार्य करें**

एकादशी : व्रत, उपवास, धार्मिक कृत्य, देवोत्सव, उद्यापन तथा कथा एकादशी में शुभ है।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट** : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

मार्गशीर्ष, शुक्ल, एकादशी, 2081 बुधवार, 11 दिसम्बर -17 दिसम्बर, 2024

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है। व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
व्यापार में जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशन्सा होगी। मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा। जो लोग आपके विरुद्ध थे, वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुये कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम सम्बन्धों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

**व्यंजन द्वादशी कल: भगवान विष्णु ने राक्षस हयग्रीव को मारा था**

# ठाकुरजी जीमेंगे खीचड़ा, पहनेंगे मौजे और दस्ताने

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष द्वादशी व्यंजन द्वादशी के रूप में मनाई जाएगी। ठाकुरजी को मेवा मिश्रित मोटे अनाज के खीचड़े सहित कई प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। इसी दिन ठाकुर गोविंद देवजी, श्री जी को हाथों में दस्ता ने, श्री चरणों में मौजे एवं गुलीबंद (मफलर) धारण कराया जाएगा। गर्भ गृह में अंगीठी की सेवा प्रारंभ हो जाएगी।

गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वा मी ने बताया कि व्यंजन द्वादशी को मंदि र महंत अंजन कुमार गोस्वा मी के सान्निध्य में ठाकुर श्रीजी की विशेष उत्सव झांकी के दर्शन होंगे। इसका समय मध्याह्न 12 से 12:30 बजे तक रहेगा। इस झांकी में ठाकुर श्रीजी को 25 प्रकार के कच्चा भोग व्यंजन तथा छप्पन भोग ग्रहण कराते हुए अद्भुत दर्शन होंगे। व्यंजन द्वादशी के भोग में खीचड़ा, बड़े और राधा रानीका प्रिय अरबी भोग मुख्य रहेंगे। कुल भोग की संख्या 101 होगी। मंगला झांकी के बाद ठाकुर श्रीजी का वैदि क मंत्रोचारण के साथ पंचामृत अभि षेक किया जाएगा। नवीन पीली केसरिया पोशाक और अंगरखी पोशाक धारण कराई जाएगी। विशेष अलंकार से शृंगार किया जाएगा। आयोजन के तहत भक्त सुबह से ही मंदिर प्रांगण में प्रभु के दरबार में हाजरी लगाएंगे।

**भक्तों में वितरित होगा प्रसाद**

**भक्तों** को करीब सौ किलो विशेष खीचड़े का प्रसाद मंदिर कार्यालय के बाहर राजभोग झांकी के बाद वितरित किया जाएगा। विशेष झांकी होने के कारण इस दिन राजभोग झांकी के दर्शन होना संभव नहीं होगा।

---

# गुप्त वृन्दावन धाम में गीता जयंती महोत्सव, होगा 700 श्लोकों का पाठ



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भगवद्गीता भगवान् कृष्ण की वाणी है और गीता जयंती वह पवित्र दिन है जब भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र में भगवद्गीता का दिव्य उपदेश दिया। जयपुर के गुप्त वृन्दावन धाम में इस पवित्र दिवस को मनाने के लिए महायोजन किया जा रहा है, गीता जयंती पर मंदिर मे दिन भर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। भगवान् श्री श्री कृष्ण बलराम का विशेष अलंकार किया जाएगा, सभी भक्त एक साथ मिलकर गीता के 700 श्लोकों का पाठ करेंगे जिससे पूरे गुप्त वृन्दावन धाम का वातावरण दिव्य हो जाएगा। संध्या के समय गीता महायज्ञ का आयोजन होगा जिसमे हज़ारों भक्त हिस्सा लेंगे। गीता जयंती के अवसर पर गुप्त वृन्दावन धाम में गीता कांटेस्ट, गीता दान एवं वितरण महोत्सव, इंटरनेशनल गीता ओलंपियाड और बुक मैराथन जैसे विशेष कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाएगा। गुप्त वृन्दावन धाम के अध्यक्ष श्री अमितासना दास ने गीता जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया की गीता जयंती हमें भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य संदेश को अपनाने और समाज के कोने कोने तक पहुचाने का अवसर देती है। जीवन को कैसे जीया जाए यह ज्ञान हमे भगवद्गीता के द्वारा ही मिलता है। भगवद्गीता एक गीत है जिसे भगवान् कृष्ण ने स्वयं गाया है।

# गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज द्वारा राजस्थान गीता महोत्सव की घोषणा एवं पोस्टर का विमोचन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सनातन धर्मशास्त्र शिरोमणि श्रीमद्भगवत गीता को पिछले पांच दशको में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करोड़ों लोगों तक पहुंचाने वाले अंतर्राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर ज्ञानानंद महाराज ने गीता ज्ञान तीर्थ कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में पधारे अनेक संत महात्माओ की उपस्थिति में राजस्थान के प्रथम गीता महोत्सव की घोषणा करते हुए जीओ गीता के राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप मित्तल, राजस्थान प्रदेश संयोजक किशन पाठक एवं योगाचार्य योगी मनीष के साथ पोस्ट का विमोचन किया।

# 15 को सूर्य का होगा धनु में प्रवेश, मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम

**जयपुर @ जागरूक जनता।** इस माह में 14 दिसंबर तक ही शादी की शहनाई बजेगी लेकिन उसके बाद मलमास लग जाएगा, मांगलिक कार्य नहीं किए जा सकेंगे। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि खरमास में श्री हरि विष्णु और सूर्य देव की पूजा की जाती हैं, जिससे व्यक्ति के जीवन में समृद्धि और खुशियां आती हैं। सूर्य जब बृहस्पति की राशि धनु या मीन राशि में प्रवेश करते हैं उसको मलमास और खरमास के नाम से जाना जाता हैं । इस बार मलमास की शुरुआत 15 दिसंबर रात्रि 10:10 से होगी और 14 जनवरी 2025 को सुबह 8:54 पर सूर्य के मकर में प्रवेश के साथ मलमास समाप्त हो जाएगा। मलमास के दौरान नया घर खरीदना या गृह प्रवेश करना, विवाह, मुंडन संस्कार, यज्ञोपवीत संस्कार, सगाई आदि कार्य करना निषेध हैं । मलमास में सूर्य को जल अर्पित करना, श्री हरि विष्णु और तुलसी की पूजा करना, जप, तप और दान करना, गंगा या अन्य पवित्र नदी में स्नान करना,पशु- पक्षियों की सेवा करना शुभ माना गया हैं।

---

**रारी दुर्गापुरा में दो दिवसीय सेमिनार का समापन**

# वैज्ञानिक एवं शोधकर्ता छात्र डिजिटल और नई टेक्नोलॉजी से हुए रूबरू



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय सेमिनार के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ) आर.एल. रैना, राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान स्थित महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में शिरकत की। समापन समारोह से देश के विख्यात वैज्ञानिकों व शोधकर्ता छात्रों ने अपने शोध पत्रों का वाचन किया। जिसमें उन्होंने पुस्तकालय से संबंधित विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान के बारे में जानकारी प्रदान की, साथ ही उन्होंने वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ता छात्रों को डिजिटल युग की नई टेक्नोलॉजी के बारे में बताया। समापन अवसर पर राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, जयपुर की निदेशक डॉ. सुनीता गुप्ता, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय के सहअधिष्ठाता डॉ. शैलेष मार्कर, विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. एल. आर. यादव ने इस सेमिनार में पधारे सभी आगंतुकों को उनके शोध पत्रों के वाचन की सराहना की।

# नगर निगम ग्रेटर द्वारा RRR सेन्टर बना आकर्षण का केन्द्र

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर समारोह-2024 के आयोजनों की श्रृखंला के अन्तर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ट्राइफेड एवं नगर निगम ग्रेटर के संयुक्त तत्वाधान में जवाहर कला केन्द्र शिल्पग्राम में 29 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक आदि महोत्सव-2024 का आयोजन किया गया। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि इस प्रदर्शनी की खास बात यह रही कि यहां RRR (Reduce, Reuse, Recycle) सेन्टर की स्टॉल्स भी लगाई गई जिसमें आमजन आकर अनुपयोगी सामान जमा करवाया। आमजन घरों से अनुपयोगी सामान जैसेः- कपड़े, खिलौने, जूते, किताबे इत्यादि वस्तुऐं जमा करवाए है तथा आमजन ने नगर निगम ग्रेटर की इस पहल की सराहना भी की। RRR (Reduce, Reuse, Recycle) सेन्टर पर अब तक लगभग 40 व्यक्तियों ने कपड़े, 10 व्यक्तियों ने खिलौने व 15 व्यक्तियों ने जूते चप्पल जमा करवाये है साथ ही जरूरतंद भी आवश्यकतानुसार स्टॉल्स से सामान लेकर भी गये हैं।

---

**सोसाइटी आफ ब्राह्मण एक्जूकेटिवस राजस्थान (सोबर) का जर्सी/स्वेटर वितरण कार्यक्रम**

# जर्सी पाकर खिलखिला उठे छात्र

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सोबर द्वारा जरसी वितरण कार्यक्रम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालयों में जर्सी का वितरण किया गया। इसके तहत राज. उच्च माध्यमिक विद्यालय नृसिंह पुरा अजमेर रोड जयपुर, राज. सी. सै. स्कूल धवली (धौली), राज. सीनियर सै. गलर्स स्कूल धवली (धौली), राज. प्रा. स्कूल धवली (धौली), राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल महार कला, राज. संस्कृत विद्यालय महार कला, राजकीय महात्मा गॉधी स्कूल महार कला, रा प्रा विद्यालय महार कला एव आंगनबाड़ी के विद्यार्थियों को जर्सी वितरित की गई।

इस अवसर पर सोबर के अध्यक्ष डॉ शिव गौतम, राज्यश्री गौतम, महासचिव ईन्जिनियर आर सी शर्मा, वरीष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व आइ पी एस जी जल शर्मा, उपाध्यक्ष एडवोकेट राधेश्याम शर्मा, निदेशक मंडल सोबर से पूर्व आइआर एस सुशील पारीक, डॉ सुशील दोतोलिया, डॉ संत कुमार शर्मा, कमलेश शर्मा, विष्णु दत्त शर्मा, सभी डायरेक्टर, कार्यालय सचिव सत्य प्रकाश पारीक वरीष्ठ सदस्य आशीष तिवारी, आर के भारद्वाज के अलावा क्षेत्र के गणमान्यो में रणवीर सिंह,ओम प्रकाश शर्मा राजू सैनी ने आदि ने भाग लिया। सभी विद्यालयो में विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों ने सोबर के पदाधिकारियों का माल्यापर्ण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया।

सोबर अध्यक्ष डॉ शिव गौतम एवं महासचिव ई आर सी शर्मा अपने संबोधन में सोबर के कार्यकलापों के बारे में बताया कि सोबर द्वारा हर बर्ष 8-10 राजकीय छात्र छात्राओं को जरसी वितरण किया जाता है पिछले बर्षो में रूण्डल और आसपास जहाँ जमदग्नि श्रृषी आश्रम रूण्डल में सोबर के सहयोग से भगवान परशुराम जी का मंदीर बन रहा है के आसपास के गाँव स्कूलों मे तथा मानपुर माचेडी पंचायत सभी 11 स्कूलों सोबर द्वारा जरसी बांटी गई। सभी छात्र छात्राओं ने हाथों हाथ जरसी/कोट पहने और क्वालिटी देखकर, पहन कर बडे खुश है। महासचिव ई आर सी शर्मा ने बताया कि इस बर्ष सोबर 8 विद्यालयो में जरसी वितरण किया जा चुका अभी दो संस्कृत स्कूलों में और जरसी वितरण किया जायेगा।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

---



# उत्साह से मनाया नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस, किया सम्मानित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** नागरिक सुरक्षा के 62 में स्थापना दिवस पर नागरिक सुरक्षा विभाग के चेतन नावरिया सहायक प्रशासनिक अधिकारी, महेंद्र गुप्ता, सीताराम, रवि शंकर, जितेंद्र चंदोलिया वरिष्ठ सहायक, कांता राठौर रामनिवास, गीतेश, स्वयंसेवक को उत्कृष्ट सेवा के लिए आयुक्त द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। साथ ही अमित शर्मा उप नियंत्रक ने नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा मॉक अभ्यास करवाया गया, जिसमे नागरिको को आपदा के समय कैसे सुरक्षा दी जावे। कार्यक्रम में सुमन देवी उपनिदेशक, इंद्रमल सीनियर स्टाफ ऑफिसर, अमित शर्मा उप नियंत्रक, श्याम सुंदर राठी संस्थापक अधिकारी, अशोक मीणा एवं जेपी शर्मा और विभाग के अधिकारी, कार्मिक,स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# जयपुर स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर "जयपुर री बात"




**जयपुर @ जागरूक जनता।** विचारक समूह यू थिंक द्वारा हिंदू तिथि के अनुसार जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष में जैपुर री बात टॉक शो आयोजित किया गया। कार्यक्रम किशनपोल बाजार के विरासत संग्रहालय में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि विशेषज्ञ के रूप में ब्लू पॉटरी के जाने माने हस्तशिल्प शिल्प गुरु गोपाल सैनी व इतिहासकार सियाशरण लश्करी रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में यू थिंक के सदस्य शरद अग्रवाल द्वारा स्वागत उद्बोधन के बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। टॉक शो के मॉडरेटर विनीश अग्रवाल रहें। कार्यक्रम में सियाशरण द्वारा सुरक्षित अभूतपूर्व एवं बहुमूल्य पुस्तकों, फोटो पोस्टर आदि की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जहां रोशनी में लॉटरी टिकट, किस्मत का थैला, पाठ्य पुस्तक, हाथ से बना हुआ जयपुर राजघराने का स्मारक आदि शामिल थे।

# जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा ने मीडिया स्टूडेंट्स से किया संवाद



**जयपुर @ जागरूक जनता।** गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने निम्स इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन, निम्स विश्वविद्यालय के छात्रों से मीडिया एथिक्स, जनसंपर्क और पत्रकारिता के विविध आयामों पर चर्चा की। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) से पत्रकारिता की बदलती तस्वीर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बढ़ते एआई के उपयोग से उनकी रचनात्मकता और दर्शकों को जोड़ने की क्षमता बढ़ सकती है लेकिन समाचार उत्पादन और गलत सूचना में एआई के उपयोग के बारे में वैश्विक चिंताएं भी बढ़ रही हैं, ऐसे में नवोदित पत्रकारों के लिए यह दौर चुनौतीपूर्ण है, उन्होंने जनसंपर्क के क्षेत्र में नौकरियों के बढ़ते अवसरों पर भी चर्चा की। इस दौरान इंस्टीट्यूट की डीन डॉ. सारिका ताखर ने शर्मा का स्वागत किया।

# कृषि महाविद्यालय जोबनेर में महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम, साइबर अपराध एवं सुरक्षा विषयक अभियान आयोजित



**जोबनेर @ जागरूक जनता।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय जोबनेर द्वारा एकदिवसीय जागरूकता अभियान कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं निवारण" तथा "साइबर अपराध एवं सुरक्षा विषय पर आयोजन सरस्वती सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं संकाय अध्यक्ष डॉ एम आर चौधरी ने की। मुख्य वक्ता डॉ लाड कुमारी जैन पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष ने कहा कि आज हर व्यक्ति के पास संविधान की कॉपी होनी चाहिए, संविधान में लिखे सभी अधिकार हर व्यक्ति को पता होना चाहिए इसके लिए प्रयास करने चाहिए, सुरक्षा के लिए हर महिला को अच्छा वातावरण मिलना चाहिए, अपराध करने वाले हर व्यक्ति को लाभ और हानि का पता होना चाहिए। कार्यक्रम में सांख्यिकी विभाग की अध्यक्ष, डॉ. किरण गौर, डॉ. सुरेश कुमार शर्मा, कंप्यूटर साइंस के सहायक प्रोफेसर डॉ सुरेश कुमार शर्मा ने भी अपने विचार रखें। अंत में डॉ बी एस चंद्रावत ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन डॉ प्रतिभा मनोहर ने किया। कार्यक्रम आयोजक डॉ किरन गौर ने बताया कि कार्यक्रम में 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।



## बेहतर स्वास्थ्य के लिए एनआईए कर रहा है आमजन का प्रकृति परीक्षण



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

जयपुर। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान में आमजन का प्रकृति परीक्षण किया जा रहा है। जयपुर जिला न्यायालय परिसर में जिला न्यायाधीश अजीत कुमार जी हींगर का प्रकृति परीक्षण कर जिला न्यायालय परिसर में अभियान की शुरुआत की गई, जिला न्यायालय में कार्यरत समस्त कर्मचारी अधिवक्ताओं एवं आने वाले परिवर्दियों का प्रकृति परीक्षण किया गया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के उपनिदेशक चंद्रशेखर शर्मा एवं प्रशासन अधिकारी नरेश कुमार गुप्ता ने बताया कि डॉ भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में लगभग 20 चिकित्सकों की टीम ने जिला न्यायालय परिसर में 400 से अधिक आमजन का प्रकृति परीक्षण कर अभियान की शुरुआत की। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा पूरे जयपुर शहर और जयपुर के और जयपुर के आसपास के जिलों में भी बड़े स्तर पर आमजन का प्रकृति परीक्षण किया जा रहा है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा हमारे शरीर मे वात, पित्त ओर कफ हमारी प्रकृति का निर्माण करने के साथ ओर इसे प्रभावित भी करते हैं। हमारे अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमारे शरीर की प्रकृति को जानना हम सभी के लिये बहुत जरूरी है। आम जन के स्वास्थ्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर आज पूरे देश में प्रकृति परीक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। 25 दिसंबर तक इस अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों द्वारा सरकारी एवं निजी कार्यालय, संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों पर आमजन का प्रकृति परीक्षण कर रहा है। अब तक 32000 से ज्यादा लोगों का प्रकृति परीक्षण राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा किया जा चुका है।

## भेड़-बकरी पालन कर किसान आजीविका में सुधार कर सकते हैं-डॉ. तोमर

टोंक @ जागरूक जनता। केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसन्धान संस्थान अविकानगर में चल रही अनुसूचित जाति उपयोजना के अन्तर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ. अरूण कुमार तोमर निदेशक के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे संस्थान द्वारा चयनीत अनुसूचित जाति के 25 महिला एवं पुरूष बीपीएल कृषकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को भेड़-बकरीयों में प्रजनन, स्वास्थ्य, पशु पोषण, अधिक उत्पादन हेतु कृत्रिम गर्भाधान, ऊन एवं ऊन के उत्पादों की नवीन तकनीकीयों जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन समारोह में अनुसूचित जाति उपयोजना के नोडल अधिकारी डॉ. अजय कुमार ने कहा की वे भेड़-बकरी पालन कर अपनी आजीविका में सुधार कर सकते हैं एवं कहा कि वे संस्थान से पांच दिन में अर्जित ज्ञान को क्षेत्र के अन्य किसानों से भी साझा कर उनके भी ज्ञान में वृद्धि करें जिससे अन्य किसान भी इसका लाभ प्राप्त कर सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. एल.आर. गुर्जर, प्रभारी, तकनीकी स्थानान्तरण एवं सामाजिक विज्ञान विभाग एवं डॉ. रंगलाल मीणा, वैज्ञानिक रहे। कार्यक्रम में गौतम चौपड़ा, डी.के. यादव एवं अन्शुल शर्मा ने भी सहयोग प्रदान किया।

### मुख्यमंत्री ने सीआईआई की नेशनल काउंसिल को किया संबोधित

# राजस्थान की औद्योगिक समृद्धि की आधारशिला है 'राइजिंग राजस्थान'



## उद्योगों को मिलेगा अंतर्राष्ट्रीय बाजार, निवेशक बनेंगे प्रगति का हिस्सा -शर्मा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राजस्थान की औद्योगिक समृद्धि की आधारशिला है। राजस्थान में मिनरल्स, प्राकृतिक गैस, पर्यटन, शिक्षा, चिकित्सा, ऑटोमोबाईल सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'विकसित भारत' के साथ हमारे 'विकसित राजस्थान' के विजन को साकार करते हुए देश और प्रदेश को आगे बढ़ाना है।

शर्मा ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की नेशनल काउंसिल के सदस्यों को इंटरेक्शन के दौरान संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट के आयोजन में सीआईआई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही निवेशकों और राज्य सरकार के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य किया है। इन्होंने अपने संगठनात्मक कौशल से इस समिट को एक ऐसा प्लेटफॉर्म बना दिया है, जहां विचारों का आदान-प्रदान, साझेदारी और भविष्य के विकास की एक मजबूत नींव रखी जा रही है।

इस अवसर पर मुख्य आर्थिक सलाहकार भारत सरकार वी. अनंथा नागेश्वरन, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, संयुक्त सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) सिद्धार्थ सिहाग, सीआईआई अध्यक्ष संजीव पुरी, उद्योगपति अनिल अग्रवाल, आर. मुकुंदन, राजीव मेमनी, दीपक शेट्टी, माधव सिंघानिया सहित अन्य उद्योगपति एवं सीआईआई के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### राजस्थान में निवेश कर प्रगति को बढ़ाएंगे निवेशक

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीआईआई के सहयोग और समर्थन से निवेशकों के लिए एक समृद्ध एवं परिपक्व मंच तैयार हुआ है। राज्य सरकार के कार्यकाल के प्रथम वर्ष में इस समिट का आयोजन इसलिए किया जा रहा है, ताकि निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि इस समिट को राज्य में पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टमेंट मीट के रूप में भी आयोजित किया जा रहा है। इससे राजस्थान के उद्योगों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार मिलने के साथ ही विभिन्न देशों के निवेशक राजस्थान में निवेश कर प्रगति को और बढ़ा सकेंगे।

#### 30 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू

शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में अब तक 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि के एमओयू किए जा चुके हैं, जो राज्य में निवेशकों के अद्वितीय एवं नवीन विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए पॉलिसी फ्रेमवर्क में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए हैं। कुछ समय पहले लांच की गई रिप्स 2024 के बाद नौ और नीतियां 4 दिसम्बर को लांच की हैं।

#### राजस्थान की आर्थिक प्रगति के लिए हो रहे व्यापक प्रयास

शर्मा ने कहा कि राजस्थान की आर्थिक प्रगति के लिए 53 हजार किलोमीटर लंबी सड़कें, 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे तथा ऊर्जा के क्षेत्र में 30 गीगावाट से 5 वर्षों में 125 गीगावाट के लक्ष्य को सामने रखकर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही राज्य के कोने-कोने में पानी की पर्याप्त उपलब्धता के लिए व्यापक एवं महत्वाकांक्षी प्रयास प्रारंभ कर दिए गए हैं, जिसके नतीजे शीघ्र सामने आएंगे।

#### राजस्थान को विकास, निवेश, रोजगार के नए युग में ले जाना लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल विकास, आधारभूत ढांचा, निवेश के लिए सकारात्मक वातावरण, पारदर्शी व्यवस्था, नवाचार और बदलती तकनीकों के साथ बदलाव के प्रत्येक पहलू पर काम किया जा रहा है, ताकि राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत और स्थिर होने के साथ ही निवेशकों का विश्वास कायम रहे। उन्होंने आह्वान किया कि राजस्थान को विकास, निवेश और रोजगार के नए युग में ले जाने के लिए साथ मिलकर काम करें और राज्य की अर्थव्यवस्था को 5 वर्षों में दोगुनी करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान दें।

#### नवीन औद्योगिक क्षेत्रों से उद्योगों को मिल रहा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पांच नवीन औद्योगिक क्षेत्रों सत्तासर जिला-बीकानेर, बलारिया जिला-सवाई माधोपुर, जटलाव जिला-सवाई माधोपुर, रामसर जिला-बाड़मेर एवं राजास जिला-नागौर का नामकरण श्रीराम जानकी औद्योगिक क्षेत्र कर इन्हें भूखंड आवंटन हेतु खोल दिया है। साथ ही 8 और औद्योगिक क्षेत्रों बिचुन-जयपुर, दुब्बी-बिदरखा-सवाई माधोपुर, चडुआल-आबूरोड, झाक-सेकेंड-जोधपुर, बबाई-झुंझुनूं, गणेश्वर-सीकर, पालरा विस्तार-अजमेर एवं रामनगर थोब-बालोतरा की स्थापना का कार्य भी प्रारंभ कर दिया है।

## कार्यकर्ताओं ने मनाया पूर्व चैयरमेन कच्छावाह का जन्मदिन



### एटूजेड सेवा संस्थान ने जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता। पीपाड़ शहर के वरिष्ठ राजनेता समाजसेवी, पूर्व चेयरमैन महेंद्र सिंह कच्छावाह के जन्मदिवस पर मंगलवार को पीपाड़ शहर कस्बे सहित क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पौधरोपण और गोसेवा, समेत जनसेवा से जुड़े विविध सेवाकार्य किए. सुबह से ही उनके पीपाड़ स्थित उचियाड़ा निज आवास पर बधाई देने वालो का तांता लग रहा। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन को मिठाई खिलाकर माला, पुष्प गुच्छ साफा और शाल ओढ़ाकर लोगों ने अभिनंदन किया और बधाई दी। इस मौके परसाथ ही शहरी क्षेत्र में केंद्र और सरकार की विविध जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई और पूर्व चेयरमैन ने सभी का आभार जताया. साथ ही पीपाड़ शहर की सामाजिक संस्थान एटू जेड टीम द्वारा कच्छावाह के जन्मदिवस पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का बड़ा संदेश दिया इस दौरान जोजरी नदी क्षेत्र के आसपास अशोक, शीशम, गुलमोहर, नीम, बादाम खेजड़ी जैसे पौधो का पौधारोपण किया । कच्छावाह ने अपने उद्बोधन में कहा की वृक्षों की अंधाधुंध कटाई और बढ़ती जनसंख्या से धरती पर पर्यावरण संकट बढ़ता जा रहा है। ऐसे अभियान से लोगों में पेड़ों के प्रति जागरूकता अवश्य बढ़ी है। कच्छावाह ने एटूजेड टीम द्वारा चलाए जा रहे जन्मदिन पौधारोपण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि सभी युवा अपने-अपने स्तर पर पौधारोपण में आगे आएं तभी पर्यावरण को जल्दी बचाया जा सकता है। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम किशोर भूतड़ा, देवाराम जाँगिड, ए टू जेड संस्थान के मेहराम गहलोत , रविन्द्र देवड़ा आर जे 54, रामकिशोर टाक, चेनाराम गहलोत, वैंकटेश, महामंत्री आदित्य कच्छवाह, सीताराम टाक, अतुल सिंह, पिन्टु राज, माणक राम, अरविंद टाक, भवानीसिंह कच्छावाह, कल्याण राम, रविन्द्र, बाबूलाल सोलंकी, एडवोकेट रामनिवास गहलोत सहित कई सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## तंबाकू मुक्त विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



चूरू @ जागरूक जनता। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चूरू एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ एवं विकल्प इंडिया सोसाइटी जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में चूरू जिले के सरकारी व निजी विद्यालयों/ महा विद्यालयों मे राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छात्र-छात्राओं को तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी तथा तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के विषय में स्लाइड प्रजेनटेशन, चित्रकला प्रतियोगिता, वाद विवाद, निबंध लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से जानकारिया दी गई। विधार्थियो व शिक्षकों को तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने हेतु शपथ दिलवाई गई, चूरू जिला क्षेत्र के स्कूल में सोसाइटी द्वारा बैनर, पंपलेट वितरण एवं चस्पा कर शिक्षण परिषद मैं 100 गज की परिधि क्षेत्र में तंबाकू विक्रय एवं सेवन को कानूनी अपराध मानते हुए 200 रुपए के जुर्माने का प्रावधान हेतु संदेश देकर अवगत कराया गया, सोसायटी के अध्यक्ष संजय कटारा द्वारा बताया गया की इस क्षेत्र में सोसाइटी के जिला परियोजना अधिकारी बतौर प्रतिनिधि गौरव कुमार मिश्रा, वैभव मिश्रा, अनिल कुमार, दिनेश द्वारा उक्त कार्यक्रमों को आयोजित किया गया है।

## हुंडई की गाड़ियां 1 जनवरी से 25 हजार तक होंगी महंगी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

जयपुर। प्रमुख कार निर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने अपनी सभी गाड़ियों के दाम 1 जनवरी से 25,000/- तक बढाने का ऐलान किया है। कीमतों में बढोतरी की वजह इनपुट लागत बढना है। इनपुट लागत में वृद्धि, प्रतिकूल विनिमय दर और लॉजिस्टिक्स लागत में वृद्धि के कारण मूल्य वृद्धि आवश्यक हो गई है।

एचआईएमएल के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी तरूण गर्ग ने कहा हुंडई मोटर इण्डिया लि. में हमारा प्रयास हमेशा बढ़ती लागत को यथासंभव हद तक वहन करने का होता है। लेकिन इनपुट लागत में निरंतर वृद्धि के कारण कीमतों में वृद्धि करना आवश्यक हो गया था। कीमतों में बढोतरी 1 जनवरी 2025 से लागू हो जाएगी। 2024 की अप्रेल से सितम्बर अवधि में कंपनी ने कुल 3,83,994 यूनिट्स यात्री वाहन बेचे हैं। इसमें एसयूवी सेगमेंट के मजबूत योगदान के साथ घरेलू बाजार बिक्री 2,99,094 यूनिट्स की रही। इस दौरान कंपनी द्वारा 84,900 यूनिट्स का निर्यात किया गया है। अकेले नवंबर में हुंडई मोटर इंडिया ने 61,252 यूनिट्स की कुल मासिक बिक्री दर्ज की। महीने के दौरान कंपनी की घरेलू बिक्री 48,246 यूनिट्स रही जबकि निर्यात बिक्री 13,006 इकाई रही।

वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर) में कंपनी के कंसोलिडेटेड मुनाफे में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है और यह 1,375 करोड़ रूपये रह गया है। पिछले साल समान अवधि में कंपनी को 1,628 करोड़ रूपये का मुनाफा हुआ था। मुनाफे में गिरावट की वजह घरेलु और निर्यात बाजार में कमजोर बिक्री होना है।




### उद्यानिकी महाविद्यालय, दुर्गापुरा, जयपुर में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम 'यूएनईपी' के पूर्व कार्यकारी निदेशक का दौरा

## पर्यावरणीय मुद्दों को सौर ऊर्जा, वृक्षारोपण और पुनर्चक्रण से हल किया जा सकता है



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

जयपुर। एरिक सोलहेम, पूर्व कार्यकारी निदेशक, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण ने उद्यानिकी महाविद्यालय, दुर्गापुरा का दौरा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. बलराज सिंह, कुलपति, एसकेएनएयू जोबनेर जयपुर थे। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में विष्णु लांबा, भारत के वृक्ष पुरुष, एक्सेल सोलहेम, प्रो. एल एन बैरवा, अधिष्ठाता, उद्यानिकी, महाविद्यालय, दुर्गापुरा शामिल थे।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर बलराज सिंह, कुलपति, एसकेएनएयू जोबनेर के स्वागत भाषण से हुई। डॉ. बलराज सिंह ने विश्वविद्यालय और इसके संबद्ध कॉलेजों का संक्षिप्त विवरण साझा किया और जोबनेर में पानी की कमी जैसी विभिन्न कृषि चुनौतियों के बारे में बात की और बताया कि कैसे हमने जल संचयन और संरक्षित खेती जैसी नवीन कृषि पद्धतियों के साथ इन चुनौतियों का जवाब दिया। एरिक ने अपने भाषण में तीन प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं अर्थात् प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और असंतुलित पारिस्थितिकी तंत्र को संबोधित किया। एरिक जो कि नार्वे के महान राजनीतिज्ञ एवं पर्यावरण विषेषज्ञ एवं संयुक्त राष्ट्र संघ के निदेशक रहे हैं ने यह भी सुझाव दिया कि इन पर्यावरणीय मुद्दों को सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक कारों जैसी नवीन परिवहन तकनीकों, वृक्षारोपण और पुनर्चक्रण का उपयोग करके हल किया जा सकता है। इस दौरान एरिक सोलमन के द्वारा एक पेड मॉ के नाम के तहत उद्यानिकी महाविद्यालय में मौलश्री का एक पौधा लगाया। कार्यक्रम का समापन 'ग्रीन बचपन अभियान' के विमोचन और बागवानी महाविद्यालय, दुर्गापुरा के डीन प्रो. एल एन बैरवा द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। इसके दौरान डॉ. परेवा, डॉ. भारती शौकीन, डॉ विजय पाराशर, डॉ. अषोक चौधरी, डॉ, सौरभ सिंगला, डॉ. रंजन सिरोही, डॉ. अनिता चौधरी, डॉ. एस.सी. शर्मा, अशोक शर्मा एवं अन्य सभी कर्मचारी और विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## मधुर स्वरांजलिः वैशाली नगर सेवाकेंद्र का 27वां वार्षिकोत्सव संपन्न



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

जयपुर। ब्रह्माकुमारीज जयपुर के प्रभु निधि सभागार में "मधुर स्वरांजलि" कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह विशेष आयोजन वैशाली नगर सेवाकेंद्र के 27वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में सेवाकेंद्र प्रभारी बीके चंद्रकला दीदी ने बताया कि इस वार्षिक उत्सव का उद्देश्य आध्यात्मिकता और कला के माध्यम से समाज में शांति और सकारात्मकता का संचार करना है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण थे राजस्थान के प्रसिद्ध लोकगायक और कलाकार, जिनमें संजय रायजादा, कुशल बारहठ, गुल अजमेरी, दुर्गा परिहार, और सुखीराम मंडा शामिल थे। इन कलाकारों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान जयपुर सबजोन प्रभारी राजयोगिनी सुषमा दीदी ने अपने आशीर्वचन में कहा, "संगीत ही परमात्म मिलन का सहज और सरल माध्यम है। यह आत्मा और परमात्मा के बीच के शाश्वत संबंध को जागृत करता है।" समारोह में अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें उपकुलपति आर.एल. रैना और उपकुलपति अमेरिका सिंह प्रमुख थे। कार्यक्रम में लगभग 600 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इसका लाभ उठाया। इस अवसर पर, सभी उपस्थित सदस्यों ने आध्यात्मिकता, सेवा, और समर्पण के संदेश को आत्मसात किया। कार्यक्रम का समापन सभी कलाकारों और उपस्थित व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

## रोडवेज प्रबंधन का सख्त एक्शन, 7 भ्रष्ट कार्मिकों पर की कार्यवाही

जयपुर @ जागरूक जनता। रोडवेज प्रबंधन बसों में बेटिकट यात्री मिलने या भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने वाले कार्मिकों पर सख्त एक्शन ले रहा है। ऐसे कार्मिकों को निलंबित करने के साथ एपीओ करने जैसी कार्यवाही की जा रही है। उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा के निर्देश पर रोडवेज बसों के राजस्व अर्जन में वृद्धि एवं आमजन को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, वहीं भ्रष्ट कार्मिकों पर कार्यवाही भी की जा रही है। प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि वाहन में बेटिकट यात्री मिलने एवं भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए विभिन्न आगारों के ऐसे 7 कार्मिकों पर एक्शन लिया गया है। विद्याधर नगर, बारां, अनूपगढ़, लोहागढ़ आगार के चार परिचालकों को वाहन के निरीक्षण के दौरान बिना टिकट यात्रा करवाने के गंभीर प्रकरण पाए जाने के कारण अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए निलंबित किया गया है।



### श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के 892 छात्र एवं छात्राओं ने कुलपति से किए बीजीय मसालों पर सवाल जवाब

# मूल्यवर्धन से किसानों की आय व रोजगार के अवसर बढ़ते हैं-डॉ. सिंह

**जीरे में ब्लाइट रोग से बचाव के लिए अल्प अवधि की किस्मों का प्रयोग करें किसान**

**धनिया की हरी पत्तियों की ऑफ-सीजन खेती के लिए लो प्रेशर ड्रिप सिस्टम के साथ प्लास्टिक कवर और शेड नेट कवर वॉक-इन-टनल अत्यंत उपयोगी**

**अजवाइन की खेती के लिए उठी हुई क्यारियों के साथ ड्रिप फर्टिगेशन और प्लास्टिक मल्चिंग एक प्रभावी तकनीक**



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जोबनेर।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में बीज मसालों-आनुवंशिक सुधार, चुनौतियां, अनुसंधान विकास एवं मूल्य संवर्धन विषय पर ऑनलाइन व ऑफलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के 14 संघटक कॉलेज के 892 छात्र एवं छात्राओं ने मसालों की फसलों की संभावनाओं पर कुलपति डॉ बलराज से सवाल जवाब किए।

#### मसाले फसलों का योगदान

**राजस्थान** व गुजरात के शुष्क व अर्द्ध शुष्क क्षेत्र में मसालों का 80 प्रतिशत योगदान है इसीलिए राजस्थान व गुजरात क्षेत्र मसालों के कटोरा के नाम से देश-विदेशों विख्यात है।

#### मसालेदार फसलों उपयोगिता

**डॉ** बलराज सिंह ने बताया कि भारत में बीज मसाले जैसे जीरा, सौंफ, मेथी, कलौंजी , धनिया आदि शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों की महत्वपूर्ण फसलें हैं, मौसमी फसलें होने के कारण इन्हें बड़े पैमाने पर खाद्य फसलों के साथ बारी-बारी से और बारानी व सिंचित परिस्थितियों में अंतर व मिश्रित फसलों के रूप में भी उगाया जाता है। इनकी सुगंध और औषधीय गुणों के कारण इनकी मांग लगातार बढ़ रही है। बीजीय मसाले केवल स्वाद और सुगंध ही नहीं बढ़ाते हैं बल्कि पाचन में सहायक होते है, प्रतिरक्षक प्रणाली को मजबूत बनाते हैं रक्तचाप को नियंत्रित करते हैं मस्तिष्क स्वस्थ को बढ़ावा देते हैं। भारतीय बीज मसाले विश्व बाजार में भी काफी लोकप्रिय हैं। उन्होंने राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान संस्थान, अजमेर के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस संस्थान ने न केवल कई उच्च उपज देने वाली मसाला किस्मों को विकसित किया है बल्कि इन मसालों की खेती के लिए बेहतर उत्पादन प्रौद्योगिकियां भी विकसित की हैं।

#### कृषि विश्वविद्यालय से विकसित किस्म का देश में योगदान

डॉ बलराज सिंह ने बताया कि जोबनेर से विकसित उन्नत किस्मों का देश में किसानों के लिए बेहतरीन योगदान है।
**जीरा-**जीरे की आरजेड 209, 223, 19, 341, 345 जैसी कई उच्च गुणवत्ता वाली किस्में विकसित की गई हैं।
**सौंफ-** आरएफ- 101,125, 205, 290, 143, 145, 178, 281, 157, 289 जैसे आदि किस्में विकसित की गई हैं। जिसमें आरएफ-290 किस्म प्रधानमंत्री द्वारा देश को समर्पित की गई है।
**मैंथी-**आरएमटी -1, 143, 303, 305, 351, 361, 354 आदि किस्में विकसित की गई है।
**आरएमटी-** 1 व 305 पहली निर्धारक किस्म विकसित करने वाला प्रथम कृषि विश्वविद्यालय है।
**धनियाः सिंचित किस्में** =आरसीआर ङ्क41 ,435, 446, 475, 480, 728
**असिंचित किस्में** =आरसीआर ङ्क20, 436, 684 आदि किस्में विकसित की गई है।

#### मसाला फसलों में रोग एवं कीटों निपटने के उपाय एवं चुनौतियां

**डॉ** बलराज सिंह ने बताया कि जीरे की सबसे बड़ी समस्या ब्लाइट रोग है जो निर्यात को प्रभावित करता है इस समस्या से निपटने के लिए छोटी अवधि वाली किस्मों की खेती और अंकुरण प्रक्रिया को अमीनो एसिड से उपचार करने जैसे उपाय किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसान नागौरी मेथी की पत्तियों को पारंपरिक तरीके से धूप में सुखाते हैं। इससे पत्तियों पर फफूंद लग जाती है और उनकी गुणवत्ता खराब हो जाती है। उन्होंने सुझाव दिया कि किसानों को मेथी को छाया जाल में सुखाना चाहिए ताकि बेहतर गुणवत्ता प्राप्त हो सके। बीजीय मसालों की खेती में नई तकनीकों पर चर्चा करते हुए, बलराज सिंह ने बताया कि धनिया की हरी पत्तियों की ऑफ-सीजन खेती के लिए लो प्रेशर ड्रिप सिस्टम के साथ प्लास्टिक कवर और शेड नेट कवर वॉक-इन-टनल अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सौंफ, सोवा और अजवाइन की खेती के लिए उठी हुई क्यारियों के साथ ड्रिप फर्टिगेशन और प्लास्टिक मल्चिंग एक प्रभावी तकनीक है।

उन्होंने बताया कि मेथी की किस्म एएम 327-3 सब्जी के लिए उपयुक्त है। मिडज कीट सौंफ, धनिया, अजवाइन जैसी फसलों के लिए एक बड़ी समस्या है। इस समस्या से निपटने के लिए सोहा फसल को ट्रैप क्रॉप के रूप में उगाया जा सकता है। डॉ बलराज सिंह ने बताया कि लेशन नेमाटोड बीज मसालों की जड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं। डॉ. बलराज सिंह ने बताया कि सितंबर-अक्टूबर में मिट्टी को सोलराइज करके नेमाटोड को नियंत्रित किया जा सकता है। राजस्थान में बीज मसाले उत्पादकों के सामने जलवायु परिवर्तन, कीटों का प्रकोप और बाजार की अस्थिरता जैसी चुनौतियाँ हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए मूल्यवर्धन एक प्रभावी समाधान है।

#### जेनेटिक इंप्रूवमेंट से मसाले की फसलों में महत्व

**डॉ.** बलराज सिंह ने जेनेटिक इम्प्रूवमेंट के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि प्लांट ब्रीडिंग का उपयोग करके उच्च उपज देने वाली, रोग प्रतिरोधी और सुगंधित बीज मसाले की किस्मों को विकसित किया जा रहा है। मेथी और सौंफ में संकरण प्रजनन कार्यक्रम शुरू किया गया है। दोनों फसलों में क्रॉसिंग तकनीक का मानकीकरण वंशावली विधि द्वारा किया गया है। कुछ लाइनों को आशाजनक के रूप में पहचाना गया और परीक्षणों में शामिल किया गया। इसके अलावा बहु-चूर्ण और निर्धारित प्रकार के वंशानुक्रम का भी निर्धारण किया गया। धनिया और मैंथी में सूखा प्रतिरोधी किस्मों की पहचान की जा रही है और इन फसलों में कुछ लाइनों की पहचान की जा चुकी है। धनिया, सौंफ, मेथी और फसलों के लिए कृषि विधियों का पैकेज विकसित किया गया है।

#### मूल्य संवर्धन से किसानों की आय बढ़ाने के प्रभावी उपाय

**मूल्यवर्धन** से न केवल किसानों की आय में वृद्धि होती है बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाया जा सकता है। डॉ बलराज सिंह ने राजस्थान में बीज मसालों के मूल्यवर्धन के कुछ सफल उदाहरणों का भी उल्लेख किया। जैसे मसालों को पीसकर पाउडर बनाना सबसे आम तरीका है। यह उपयोग में आसानी और लंबी शेल्फ लाइफ प्रदान करता है। विभिन्न प्रकार के मसालों को मिलाकर मिश्रण बनाया जा सकता है। यह विभिन्न व्यंजनों के लिए तैयार मसाला मिश्रण प्रदान करता है। मसालों से आवश्यक तेल निकाला जा सकता है, जिन्हें खाद्य पदार्थों, सौंदर्य उत्पादों, और दवाओं में उपयोग किया जाता है। साथ ही उन्होंने क्रायोजेनिक ग्राइंडिंग के बारे में बताया जो एक ऐसी तकनीक है जिसमें मसालों को बेहद कम तापमान पर जमा दिया जाता है और फिर उन्हें पीसकर पाउडर बनाया जाता है। इस प्रक्रिया में, द्रव नाइट्रोजन का उपयोग किया जाता है, जो मसालों को -196 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा कर देता है। इस अत्यधिक ठंडे तापमान पर, मसाले भंगुर हो जाते हैं और आसानी से पीस जाते हैं। उन्होंने बताया कि बाजार में मसालों के कई मूल्यवर्धित उत्पाद उपलब्ध हैं जैसे बिस्कुट, सौंफ आंवला स्क्वैश, सौंफ प्रास, धनिया आंवला स्क्वैश आदि। उन्होंने बताया कि मूल्यवर्धन से किसानों की आय बढ़ती है, रोजगार के अवसर पैदा होते हैं और देश को विदेशी मुद्रा भी मिलती है।

कार्यक्रम आयोजक डॉ बी एस बधाला व डॉ संतोष देवी समोता ने बताया कि इस एकदिवसीय ऑनलाइन ऑफलाइन कॉन्फ्रेंस में विश्वविद्यालय के 14 कॉलेजों के 892 शोधकर्ता छात्र एवं सभी इकाई के रेडी विद्यार्थियों ने ऑनलाइन व ऑफ लाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से लाभान्वित हुए, इस कार्यक्र म में प्रसार शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आई एम खान, डॉ डी के जाजोरिया, डॉ अख्तर हुसैन, कृषि महाविद्यालय भुसावर के अधिष्ठाता डॉ उदयभान सिंह, डॉ उमेद सिंह ओला, डॉ लोकेश चौधरी सहित सभी कॉलेज के रेडी इंचार्ज ने भाग लिया।

## जागरूक खबरें

### पीएम फैलोशिप के लिए एसकेएनएयू के पीएचडी छात्र रोहित चयन

» जागरूक जनता @ जोबनेर। श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विवि जोबनेर के



अधीनस्थ संस्था राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा के पीएचडी के रिसर्च स्कॉलर रोहित शर्मा का चयन प्रधानमंत्री फेलोशिप के लिए हुआ है। फेलोशिप के तहत तहत प्रतिमाह 80 हजार रुपये चार वर्ष तक लगभग 38 लाख रुपए की राशि मिलेगी। गौरतलब है कि पीएम फैलोशिप के लिए देश के 36 छात्रों का चयन किया गया है।

### पूर्व डीजीपी बंजारा एवं राज राजेश्वर ने नारायण सेवा संस्थान का किया अवलोकन

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ बड़ी परिसर को गुजरात के पूर्व डीजीपी डीजी बंजारा और अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक वक्ता राज राजेश्वर गुरूजी ने विजिट किया। संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने उनकी अगवानी की तथा मेवाड़ी परम्परा से अभिनंदन किया। पूर्व डीजीपी और गुरूजी ने दिव्यांगों के लिए संचालित प्रकल्पों की जानकारी लेते हुए लाभान्वित जनों से अनुभव जाने। इस दौरान संस्थान ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा, रोहित तिवारी, मनीष परिहार और महिम जैन मौजूद रहें।

### बीकानेर के संजय मल्होत्रा के हाथ में आरबीआई की कमान

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** केन्द्र सरकार ने राजस्था न कैडर के अफसर और रेवेन्यू सेक्रेटरी बीकानेर निवासी संजय मल्होत्रा को आरबीआई कानया गवर्नर नियुक्त किया। वे आरबीआई के 26वें गवर्नर होंगे और मौजूदा गवर्नर शक्तिकांत दास की जगह लेंगे। दास का कार्यकाल 10 दिसंबर को पूरा हो गया। 11 दिसंबर से मल्होत्रा गवर्नर का पद संभालेंगे।

### वाहन चालकों ने पदोन्नति के साथ रखी कई महत्वपूर्ण मांगे

# वाहन चालक संवर्ग का संभाग स्तरीय अधिवेशन सम्पन्न

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** अखिल राजस्थान राज्य वाहनचालक एवं तकनीकी कर्मचारी संघ द्वारा वाहन चालक संवर्ग का संभाग स्तरीय अधिवेशन का आयोजन रविवार को चेतक सर्कल उदयपुर स्थित सूचना केन्द्र में हुआ। अधिवेशन में उदयपुर संभाग के अलावा, जयपुर, जैसलमेर, जोधपुर, भीलवाड़ा, कोटा व झालावाड़ के सभी विभागों के वाहन चालक उपस्थित हुये।

अधिवेशन में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमन्त्री व श्रम सलाहकार बोर्ड राजस्थान सरकार के पूर्व उपाध्यक्ष व इन्टक प्रदेश अध्यक्ष जगदीशराज श्रीमाली थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल राज राज्य वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजयवीर सिंह, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतपाल सिंह, उदयपुर संभाग अध्यक्ष अजीत सिंह मेड़तिया, संभाग प्रभारी बंशीलाल प्रजापत एवं महामंत्री वन विभाग विष्णुदत्त शर्मा ने सम्मिलित वाहनचालक साथियो को सम्बोधित किया। जगदीश राज श्रीमाली ने वाहन चालक संगठन की समस्त मांगों को सरकार तक पहुंचाते हुए उन्हें पूरी करवाने का आश्वासन दिया। वाहन चालकों की मुख्य मांगो पर प्रकाश डालकर प्रदेश अध्यक्ष अजयवीर सिंह ने महापड़ाव के लिये रणनीति बनाने आहवान किया। प्रदेश के अन्य संभागों व जिलो से आये हुये पदाधिकारियों ने भी संबोधित करते हुए संगठन को एकजुट रहकर मांगे पूरी करवाने का दम भरा। वाहन चालकों की मांगों में पदोन्नति, ड्यूटी समय, वाहनों का बीमा, विधिक सहायता दिलाने के साथ ही, संविदा प्रथा व निजीकरण को बंद करना मुख्य रूप से था। मंच संचालन राजकुमार यादव ने किया। कविता-कव्वालियों से प्रभावित होकर पूर्व राज्य मंत्री ने यादव का साफ-माला पहनाकर गया। अधिवेशन में भारी तादाद में वाहन चालक उपस्थित रहे।

# शौर्य संचालन का 31 तोरण द्वारों से होगा भव्य स्वागत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चौमूं।** विश्व हिंदू परिषदबजरंग दल जिला सांभर की ओर से आयोजित 8 दिसंबर कोआदर्श विद्या मंदिर में शौर्य संचलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कार्य करता तैयारी के लिए बड़े जोर-जोर से लगे हुए हैं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय के संयोजक किशन सिंह प्रजापत विशिष्ट अतिथि विशेष संपर्क प्रमुख सुलभ जी शुक्ला विभाग संगठन मंत्री परमजीत यादव प्रांत से संयोजक बजरंग दल परमवीर सिंह चौहान कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला सहसंयोजक बजरंग दल महेंद्र कुमावत बजरंग दल संयोजक मनीष गवारिया सह संयोजक समीर चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में घोड़ियों ध्वज वाहिनी और घोष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। 11 बजे कार्यक्रम की शुरुआत आदर्श विद्या मंदिर से संचालन प्रारंभ होगा। थाना मोड होते हुए बस स्टैंड बावड़ी गेट सदर बाजार चौपड़ नया बाजार रावण गेट धोली मंडी होते हुए वापस आदर्श विद्या मंदिर पहुंचेगी कार्यकर्ताओं को उपस्थितअतिथियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगाकार्यक्रम की तैयारी के लिए जिला सह मंत्री राजेश यादव प्रखंड मंत्री एडवोकेट जितेंद्र सिंह बिजावत जिला कोषाध्यक्ष दिनेश खेमा वाला जिला सत्संग प्रमुख योगेंद्र पाराशर जिला प्रचार प्रमुख गोविंद पारीक सह मंत्री डॉ सीताराम कुमावत संपर्क प्रमुख अनुराग अग्रवाल विस्तारक चम्पेश्वर जी प्रचार प्रमुख कौशल योगीकौशल अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा सेवा प्रमुख बजरंग शर्मा आदि कार्यकर्ताओं नेशहर मेंजगह-जगह जनसंपर्क किया तथा अधिक से अधिक संख्या में आने का कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दियाऔर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुविधाओं की आमजन को दी जा रही जानकारी



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**कोटा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति (एनएचएम) कोटा एवं विकल्प इंडिया सोसाइटी, जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में कोटा जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उपकेंद्र) क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार आईईसी स्पेशल-शो नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उपकेंद्र) क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कर मिलने वाली सुविधाओं के विषय में जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है।

सोसाइटी के द्वारा स्थानीय भाषा में प्रशिक्षित दलो एवं लोक कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर आवश्यक सेवाओं एवं चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में अधिक से अधिक जानकारी देने के लिए स्थानीय भाषा में स्वच्छ एवं स्पष्ट शब्दों में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, सोसाइटी के अध्यक्ष संजय कटारा द्वारा बताया गया की कलाकारों को मानदेय, यात्रा भत्ता, प्रचार-प्रसार सामग्री, वाद्य यंत्र, वेशभूषा,फोटोग्राफी एवम वीडियो फिल्म के साथ कलाकार कोटा जिले के लाडपुरा, सांगोद, इटावा, सुल्तानपुर, चेचट ब्लॉको के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उपकेंद्र) क्षेत्रों पर प्रस्तुति देकर सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं, सोसायटी द्वारा कला जत्था के मूल्यांकन हेतु, सोसाइटी द्वारा सचिव गौरव कुमार मिश्रा, परियोजना प्रबंधक वैभव मिश्रा को नियुक्त किया गया है ताकि विभाग के जनकल्याण कारी योजनाओं से बच्चा बच्चा लाभान्वित हो सके।

### जे.के. सीमेंट के स्वर्ण जयन्ती महोत्सव को लगे चार-चांद

# निम्बाहेड़ा प्लान्ट को मिला सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता अवार्ड



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**निम्बाहेड़ा।** जेके सीमेन्ट निम्बाहेड़ा प्लान्ट के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किये जा रहे स्वर्णजयन्ती महोत्सव के दौरान अनेक कार्यक्रम हुये। आचार्य त्रिलोकीनाथ जेटली के सानिध्य में हो रहे अति लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में आहुतियाँ जारी है। वहीं सिंघानिया परिवार ने मण्डप पूजा अर्चना की और सर्वजन कल्याण की कामना की।

इस अवसर पर भजन संध्या के दौरान भजन गायक कुमार विशु ने समा बांध दिया ओर भजनों पर श्रोतागण झूमते नजर आये। इस दौरान चितौड़ के पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि स्वर्ण जयन्ती महोत्सव की खुशीयाँ ओर कई गुना बढ़ गई जब जे. के. सीमेन्ट निम्बाहेड़ा प्लान्ट को एम्लॉयर एसोसियेशन ऑफ राजस्थान की ओर से लार्ज स्केल सीमेन्ट प्लान्ट की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता का अवार्ड प्रदान किया गया। राज्य सरकार के मन्त्री के. के. विश्नोई ने कम्पनी के मानव संसाधन प्रमुख श्री प्रभाकर मिश्रा एवं टीम को प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि स्वर्ण जयन्ती महोत्सव के अवसर पर जे. के. श्रमिक परिवार के लिये सामूहिक स्नेह भोज का आयोजन किया गया, जिस दौरान प्रबन्ध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया स्वयं उपस्थित रहे और श्रमिक परिवारजनों को भोजन के लिये मनुहार की । यह जे. के. सीमेन्ट परिवार का श्रमिकों को पारिवारिक सम्बन्ध दर्शाने का एक आत्मीय उदाहरण था। आज के कार्यक्रम के दौरान चितौड़गढ़ के जिला कलेक्टर आलोक रंजन मुख्य अतिथि होगें।

### पीएम स्वनिधि योजना के तहत पालिका ने ऋण वितरण किया

**सुमेरपुर @ जागरूक जनता।** नगर पालिका NULM कक्ष में पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत विभिन्न बैंको में लम्बित आवेदन पत्रों के निस्तारण व आवेदन हेत ुविशेष शिविर का आयोजन किया गया। उक्त विशेष शिविर के अन्तर्गत कुल 724 स्ट्रीट वेण्डर्स को पीएमस्वनिधि योजना में बैंको से कुल छियानवे लाख 15 हजार रूपये ऋण वितरण किया जा चुका है। पालिका अधिशाषी अधिकारी नरपत सिंह राजपुरोहित ने बताया किसरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर (पीएम स्वनिधि) योजना में लम्बित आवेदन पत्रों के निस्तारण करने और आवेदन करवाने हेतु विशेषशिविर का आयोजन किया गया।


## घर मंगवाये जागरूक जनता

**सदस्यता फार्म** दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

**सदस्यता राशि**

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ........................................

पता : ........................................

........................................

फोन ........................................ पिन कोड ☐☐☐☐☐☐

राशि (रुपए) .............................. बैंक का नाम ..............................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक ☐☐☐☐☐☐ (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ..............................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
सकारात्मक हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718


### राइजिंग राजस्थान में बाडमेर के रावतसर गांव की गौरव रुमा ने भी लिया हिस्सा

# यह समिट प्रदेश के लिए मील का पत्थर साबित होगी

**राइजिंग राजस्थान समिट में रूमादेवी ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और हस्तशिल्प उद्योग को बढ़ावा देने पर दिया जोर**

**सामाजिक कार्यकर्ता और फैशन डिजाइनर रूमादेवी ने "राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट सम्मिट 2024" में लिया हिस्सा**

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति वाले विशेष सत्र में कहा- यह समिट रोजगार और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करेगा**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**रावतसर/बाड़मेर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित तीन दिवसीय "राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024" के पहले दिन उद्घाटन समारोह में बाड़मेर की प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं भारतीय फैशन डिजाइनर डॉ. रूमादेवी ने अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में हुआ। उद्घाटन समारोह के दौरान रूमादेवी ने दिग्गज जनप्रतिनिधियों, प्रमुख उद्यमियों और वरिष्ठ प्रशासनिक




अधिकारियों के साथ आत्मीय मुलाकात की और राज्य के समग्र विकास के लिए सकारात्मक चर्चाएं कीं। रूमादेवी ने इस अवसर पर कहा कि - "यह समिट प्रदेश में निवेश और विकास के नए अवसर उत्पन्न करने के साथ-साथ रोजगार और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करेगा। निश्चित रूप से यह आयोजन राजस्थान की प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होगा"। इस अवसर पर रूमादेवी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौर, कानून मंत्री जोगाराम पटेल, राज्य मंत्री के. के. बिश्नोई, और मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित विभिन्न देशो से आए प्रमुख निवेशको व अन्य गणमान्य लोगों से चर्चा की। डॉ. रूमादेवी ने हर स्टोरी समावेशी समाज को आगे बढाने के थीमैटिक सेशन में अपने अनुभव साझा किए। उन्होने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को प्राथमिकता देने और हस्तशिल्प उद्योग को प्रोत्साहन देने पर विशेष जोर दिया। उनकी भागीदारी ने राज्य के पारंपरिक कला और संस्कृति को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के उनके प्रयासों को और मजबूती प्रदान की।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## समाज और जीवन में शांति के लिए संस्कार होना बहुत जरूरी है! (2)

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**ऐसे** में अपने-आपको ही समझना होगा। वरना ये छेड़छाड़, बलात्कार आदि के मामलों में रोक लगना असंभव सा नजर आता है। इस बात को समझिए कि अपनी इच्छा केवल घर में चल सकती है। घर के बाहर नहीं। मनुष्य जैसे ही घर के बाहर कदम रखता है तो उसे सार्वजनिक जीवन की मर्यादा को निभाना ही पड़ेगा। चाहे वह लड़का हो या लड़की। जिस तरह हम आज घूंघट और बुर्के को गलत बताते हैं। उतना ही अर्द्ध नग्नता के वस्त्र धारण करना भी गलत है। बड़ी उम्र के लड़के और लड़कियों को देखो। कैसे फटे-फटे पेंट पहने घूमते हैं। बड़ी उम्र की लड़कियों का बच्चों की सी फटी पेंट, निक्कर जिसमें घुटने के ऊपर फैशन के नाम पर नग्नता प्रदर्शित करना मात्र है, ऊपर से छोटी सी टॉप पहन कर घूमना भारतीय संस्कृति का अंग नहीं हो सकता। जीवन एक गिटार की तरह है, अगर तार को ज्यादा कसेंगे तो टूट जाएगा, और ज्यादा ढीला छोड़ देंगे तो बजेगा ही नहीं। दोनों स्थितियों में वह गलत होगा। इसलिए स्त्री और पुरुष दोनों में संस्कार होना जरूरी है। अगर नग्नता को आधुनिकता या मॉडर्न होने की निशानी मान लिया जाए तो सबसे ज्यादा मॉडर्न तो जानवर हैं जिनके संस्कृति में कपड़े ही नहीं है। अतः जानवर की तरह नहीं रहें, सभ्यता और संस्कृति को स्वीकार करें। अन्य जानवरों को तो छोड़िए कुत्ते की बात करें तो कुत्ते को तो अधिकार है उसका कोई कर्तव्य नहीं है। वह किसी कर्तव्य से बंधा हुआ नहीं है। वह कहीं भी यूरिन पास कर सकता है। मगर सभ्य इंसान को यह अधिकार नहीं है। उसे तो कहीं सुनसान स्थान या बंद टॉयलट का ही उपयोग करना पड़ेगा। इसी तरह पशुओं को नग्न घूमने का अधिकार है, मगर सभ्य स्त्री या पुरुष को ये अधिकार नहीं है। उसे तो सभ्य वस्त्र पहनकर ही सार्वजनिक जीवन में रहना होता है। आजकल भारतीय पहनावे में मुख्य स्थान रखने वाली साड़ी से भी दूरी होती जा रही है। जबकि साड़ी पहनने से शालीनता झलकती है। मगर आजकल आरामदायक पहनावे के नाम पर सलवार कुर्ता पहनने का शौक चढ़ गया है। जबकि साड़ी पहनने से भी पूरे अंग ढंके जाते हैं। सर से लेकर पांव तक कहीं भी अंग प्रदर्शित नहीं होते। बशर्ते उसे ढंग से पहना जाए। बल्कि साड़ी में तो आराम ये है कि अगर गर्मी भी लग रही होती है पीठ से पल्लू सरकाया जा सकता है जबकि सलवार कुर्ते में ऐसा नहीं होता। उसमें तो अगर गर्मी लग रही है तो गर्मी लगेगी ही। इसलिए ह्रास होती हमारी संस्कृति को बचाना है। अगर हमारी संस्कृति बची तो मानवता बचेगी वरना तो पशुवत व्यवहार से पशुता ही आएगी। जो हमें अशांत जीवन की ओर ले जाएगी। (समाप्त)

shivdayalmishra@gmail.com



## पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानों में चलेगी हल्की शीतलहर, राजस्थान-मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में बढ़ी ठंड

**जयपुर @ जागरूक जनता।** उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में ताजा बर्फबारी ने पर्यटकों को आमंत्रित करना शुरू कर दिया है। शिमला में दशकों बार दिसंबर में बर्फबारी हुई है। हालांकि पहाड़ों में बर्फबारी के कारण अगले चार-पांच दिन मैदानी इलाकों में शीतलहर का नया दौड़ शुरू हो सकता है। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अगले तीन दिन तक धीरे-धीरे न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। उसके बाद इस सप्ताह कोई खास बदलाव नहीं दिखेगा। राजस्थान में 13 दिसंबर तक हल्की शीतलहर चलेगी। मध्यप्रदेश में 11 दिसंबर से 13 दिसंबर तो शीत लहर रह सकती है। इनके अतिरिक्त उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में भी ठंडी हवाएं चलेंगी। लंबे इंतजार के बाद उत्तर भारत के पहाड़ों और मैदानी क्षेत्रों में एक साथ अच्छी बर्फबारी और बारिश हुई। मैदानी इलाकों में सामान्य सर्दियों के मौसम के साथ धूप और ठंडी हवा का आनंद फिर से शुरू हो गया है। इस सप्ताह के दौरान मौसम और बेहतर होगा और सामान्य सर्दी बनी रहेगी। यानी सुबह के तापमान में गिरावट और धुंध के साथ हल्की शीतलहर महसूस होगी।

## भारतीय पासपोर्ट की धमक, 124 देशों में सफर आसान

**» जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** भारतीय पासपोर्ट होल्डर के लिए अच्छी खबर है। भारतीय पासपोर्ट की धमक लगातार बढ़ रही है। आपके पास इंडियन पासपोर्ट है तो आप बिना टेंशन लिए दुनिया के 124 देशों में सफर कर सकते हैं। दरअसल, इन देशों की यात्रा पर जाने के लिए आपको वीजा लेने के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं करनी होगी। आपको ई-वीजा फैसिलिटी, वीजा फ्री फैसिलिटी और वीजा ऑन अराइवल फैसिलिटी के जरिये आसानी से उस देश का वीजा आसानी से चंद मिनट में मिल जाएगा।

### इन 58 देशों में शुरू हुई ई-वीजा फैसिलिटी

**अल्बानिया**, अंगोला, एंटीगुआ और बारबुडा, अर्जेंटीना, आर्मेनिया, ऑस्ट्रेलिया, अज़रबैजान, बहरीन, बेनिन, बोत्सवाना, बुर्किना, फासो, कैमरून, चिली, कोटे डी आइवर, जिबूती, मिस्र, इथियोपिया, गैबॉन, जॉर्जिया, गिनी हांगकांग, जापान, जॉर्डन, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, केन्या, किर्गिस्तान, लाओस, मलावी, सूडान, तुर्की, श्रीलंका, मलेशिया, मोल्दोवा, मंगोलिया, मोरक्को, मोजाम्बिक, नामीबिया, म्यांमार, न्यूजीलैंड, ओमान, फिलीपींस, गिनी गणराज्य, रूस, साओ टोम और प्रिंसिपे, सिंगापुर, दक्षिण सूरीनाम, सीरिया, ताइवान, ताजिकिस्तान, तंजानिया, टोगो, त्रिनिदाद और टोबैगो, यूएई, युगांडा, उज्बेकिस्तान, वियतनाम, जाम्बिया। **इन 26 देशों में वीजा फ्री फैसिलिटीः** थाईलैंड, भूटान, नेपाल, मॉरीशस, मलेशिया, केन्या, ईरान, अंगोला, बारबाडोस, डोमिनिका, अल साल्वाडोर, फिजी, गाम्बिया, ग्रेनाडा, हैती, जमैका, कजाकिस्तान, किरिबाती, मकाऊ, माइक्रोनेशिया, फिलिस्तीनी क्षेत्र, सेंट किट्स और नेविस, सेनेगल, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस, त्रिनिदाद और टोबैगो, सेशल्स और सर्बिया।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
»मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
»सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
»असाध्य घाव/शुगर के घाव
»कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
»अचानक बहरापन (Hearing Loss)
»डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करेंः-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in










संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## अटल सेवा श्री अवार्ड से सम्मानित होंगे नागरिक सुरक्षा विभाग के जवान भवानी शंकर

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** आगामी 16 दिसंबर को जयपुर के रतन बाग पश्चिम विहार गार्डन में आयोजित होने वाले भारत र% पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती महोत्सव के उपलक्ष में राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच जयपुर द्वारा आयोजित भारत-नेपाल संस्कृतिक सम्मेलन में नागरिक सुरक्षा विभाग उदयपुर के जवान भवानी शंकर सम्मानित होंगे। इनके अपने उच्च कार्य के लिए अटल सेवा श्री अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि कार्यर्‍ म का मुख्य उद्देश्य भारत नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति के पुनरूत्थान एवं भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में वीटो पावर के साथ स्थायी सदस्यता दिलाना है।

# जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति पद से हटाने की मांग को लेकर विपक्ष लाया अविश्वास प्रस्ताव, 70 सांसदों का समर्थन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** संसद में जारी हंगामें के बीच विपक्ष राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ गोलबंद हो गया। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है। विपक्षी गठबंधन ने 1 बजकर 37 मिनट पर राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल को इस आशय का प्रस्ताव सौंप दिया है। धनखड़ के खिलाफ करीब 70 विपक्षी सांसदों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। INDIA गठबंधन में शामिल सपा, TMC और AAP इसमें शामिल हैं।

### धनखड़ और विपक्षी नेताओं के बीच हुआ टकराव

न्यूज एजेंसी PTI ने सूत्रों के हवाले से बताया कि अगस्त में भी राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और विपक्षी नेताओं के बीच



टकराव हुआ था। तब विपक्ष की पार्टियों ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए जरूरी 20 सांसदों का समर्थन जुटा लिया था। बाद में इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। विपक्षी पार्टियों ने संविधान के आर्टिकल 67-b के तहत उपराष्ट्रपति को पद से हटाने की मांग को लेकर राज्यसभा में प्रस्ताव पेश किया।

### इन नेताओं ने सेक्रेटरी जनरल को सौंपा प्रस्ताव

कांग्रेस की ओर से प्रमोद तिवारी और जयराम रमेश के साथ ही TMC के नदीम उल हक और सागरिका घोष ने यह प्रस्ताव राज्यसभा के सेर्‍टरी जनरल को सौंपा। यह प्रस्ताव उपराष्ट्रपति को हटाने की मांग को लेकर लाया गया है जो राज्यसभा के पदेन सभापति भी हैं। हालांकि इस प्रस्ताव पर सोनिया गांधी और किसी भी दल के फ्लोर लीडर्स ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

### 'चेयरमैन विपक्ष के साथ पक्षपात कर रहे हैं'

जयराम रमेश ने इसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर राज्यसभा के सभापति पर पक्षपातपूर्ण तरीके से राज्यसभा की कार्यवाही के संचालन का आरोप लगाया है। विपक्षी पार्टियों ने अविश्वास प्रस्ताव में आरोप लगाया है कि उनको बोलने नहीं दिया जाता। विपक्षी पार्टियों ने एक दिन पहले का उदाहरण देते हुए कहा है कि ट्रेजरी बेंच के सदस्यों को बोलने का मौका दिया गया लेकिन जब विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे बोल रहे थे, उनको रोका गया। चेयरमैन विपक्ष के साथ पक्षपात कर रहे हैं।

### राज्यसभा सभापति को हटाने के क्या नियम हैं?

राज्यसभा सभापति को हटाने के लिए 50 सांसदों के हस्ताक्षर के साथ नोटिस देना होगा। इसके लिए कम से कम 14 दिन का नोटिस देना जरूरी होता है। राज्यसभा में साधारण बहुमत से प्रस्ताव पास होना चाहिए और राज्यसभा के बाद लोकसभा से भी प्रस्ताव को मंजूरी मिलनी चाहिए। संविधान की धारा 67(b)में सभापति को हटाने का अधिकार दिया गया है।

### राज्यसभा का नंबर गेम किसके पक्ष में?

राज्यसभा में कुल सदस्य 245 हैं, जिसमें एनडीए के 108 सदस्य हैं और विपक्षके 82 सदस्य हैं। वहीं AIADMK, YSRCP, BJD का रुख साफ नहीं है।

# अविनाश गहलोत के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजनः 351यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** पीपाड़ शहर में माली सैनी शिक्षा सेवा संस्थान की ओर से सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के 43 वे जन्मदिवस पर पीपाड़ शहर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भाजपा युवा नेता अजय सिंह टाक और संस्थान अध्यक्ष सुरेंद्र टाक के नेतृत्व में रखा गया। सुरेंद्र टाक ने बताया की शिविर का शुभारंभ वाल्मीकि समाज के संतोष हरिजन एवं पार्षद मोहनलाल मेघवाल द्वारा किया गया।

एबीवीपी नगर मंत्री मनीष सैनी ने बताया कि कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुवा जिसमे 351 रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। इसमें मथुरादास माथुर अस्पताल , रोटरी क्लब की टीम ने रक्त संग्रह किया कार्यक्रम में 230 व्यक्तियों की आंखों का निःशुल्क चेकअप किया गया। इस दौरान दिव्यांगों के लिए उपकरण वितरण, राजकीय विद्यालयों में अध्यनरत बालिकाओं के लिए सुकन्या समृद्धि खाता खोले गये एवं शिविर में आये सभी अतिथियों और रक्तदाताओं को रामचरितमानस




की पुस्तक के साथ प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। गौशालाओं में गायो को 43 मन लापसी 43वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में खिलायी गई और हर चार वितरण किया गया। गोबर सिंह कच्छावाह ने बताया की शिविर का उद्देश्य सभी के बीच जागरूकता लाना था।

कैंसर, दुर्घटना में घायल, अंग प्रत्यारोपण या किसी बड़ी सर्जरी आदि से पीड़ित मरीज़ हो सकते हैं, जिन्हें रक्त की सख्त ज़रूरत हो सकती है और हमारा रक्त उनकी जान बचाने में मदद कर सकता है। इस अवसर प्रभाकर टाक पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका, समाजसेवी गोबर सिंह कच्छावाह, पार्षद पीयूष शर्मा, सत्यनारायण भाटी , पुर्व पार्षद रामकिशोर कच्छवाह, विष्णु गहलोत, किशन सैनी, भवानी सिंह, नरेश, सोहन लाल, जयसिंह टाक, दुर्गाराम भाटी, राधा कृष्ण, संपत टाक, कल्याणराम टाक, मनीष सैनी ,माही टाक, भाजपा युवा मोर्चा के सीपी मरोटिया, मेहराम गहलोत, विनोद टाक, रविन्द्र देवड़ा, रामसिंह टाक सहित कई समाज सेवी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघन पर संयुक्त राष्ट्र करे हस्तक्षेप- राजस्थान के प्रबुद्धजनों की मांग

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हो रहे हिंसक अत्याचार और मानवाधिकार उल्लंघन की गंभीर स्थिति पर चिंता जताते हुए राजस्थान के प्रबुद्धजनों ने संयुक्त राष्ट महासचिव और राष्ट्रपति के नाम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही नियोजित हिंसा को रोकने, उनके मानवाधिकारों की रक्षा करने और शांति सेना भेजने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट और मोहम्मद यूनुस की ताजपोशी के बाद से धार्मिक अल्पसंख्यकों (हिंदू, बौद्ध, सिख, ईसाई आदि) पर अत्याचार चरम पर हैं। कट्टरपंथी संगठनों द्वारा हिंदुओं के घरों और धार्मिक स्थलों पर हमले किए जा रहे हैं। इस्कॉन मंदिरों पर हमले और देव मूर्तियों को अपमानित करने की घटनाएं इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। बांग्लादेश में धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार से वहां मानवाधिकारों का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन हो रहा है तथा वहां की सरकार मूक दर्शक ही नहीं बनी हुई है बल्कि कट्टरपंथियों का संरक्षण भी कर रही है। धार्मिक कट्टरपंथी हिंदुओं पर धर्मांतरण के लिए दबाव बना रहे हैं। धर्मांतरण नहीं करने पर अत्याचार कर रहे हैं। झूठे मुकदमों में स्वामी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी जैसे अनेक धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों को जेलों में डाला जा रहा है। ज्ञापन में बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघनों पर रोक लगाने, यूएन प्रतिनिधिमंडल भेजकर स्थिति की जांच कराने और हिंदू समुदाय के पुनर्वास एवं क्षतिपूर्ति की मांग की गई। साथ ही, संयुक्त राष्ट से बांग्लादेश में शांति सेना भेजने की भी अपील की गई है।

प्रतिनिधि मण्डल में मौजूद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायधीश एनके जैन ने बताया कि राजस्थान नागरिक वृन्द बांग्लादेश की घटनाओं को लेकर राज्यपाल से मिले हैं। यूएनओ के महासचिव के नाम राज्यपाल को ज्ञापन दिया है। हमारी मांग है बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचारों को तुरन्त प्रभाव से रोका जाए। मानवाधिकारों की रक्षा की जाए।

## 4 दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर 12 से

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** विधायक चंद्रभान सिंह आक्या व श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति जयपुर शाखा अजमेर के सौजन्य से चार दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर 12 से 15 दिसम्बर तक स्टेशन रोड स्थित श्री केसरियाजी जैन धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। शिविर संयोजक रवि विराणी ने बताया कि 15 दिसम्बर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मोत्सव व राजस्थान सरकार के सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधायक आक्या व समिति के सौजन्य से चार दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर प्रतिदिन प्रातः 9 से सांय 5 बजे तक स्टेशन रोड स्थित श्री केसरियाजी जैन धर्मशाला में आयोजित होगा। शिविर संरक्षक अनिल ईनाणी ने बताया कि शिविर में पात्र दिव्यांग जिनका अगस्त में रजिस्टेञ्शन हो चुका है, उन्हे जयपुर पैर, कृत्रिम हाथ, कैलीपर, बैसाखी, छड़ी, कान की मशीन, व्हीलचेयर, ट्राई साईकिल, ब्लाईंड स्टीक आदि उपकरणो का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। सुरेश मेहरा ने बताया कि रजिस्टर्ड दिव्यांगजनो को लाभान्वित करने हेतु विशाल शिविर लगाया जा रहा है, जिसमें मोके पर ही वर्कशाप लगाकर गोद में लाओ, चलाकर ले जाओ की तर्ज पर हाथो हाथ जयपुर फुट बनाकर लगाए जाएगें, साथ ही अन्य उपकरणो का वितरण भी किया जाएगा। शिविर में संयोजक के रूप में ओमप्रकाश शर्मा, भंवरसिंह, दिनेश शर्मा, रोहिताश्व जाट, रतन डांगी, पवन आचार्य को नियुक्त करते हुए विधानसभा क्षेत्र चित्तौडगढ़ के समस्त जनप्रतिनिधियो व कार्यकर्ताओ को अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनो का सहयोग करने की जिम्मेदारियां दी गई है।



## शनिदेवधाम मन्दिर का वार्षिक मेला सम्पन्न, महाआरती में उमड़ा जनसैलाब

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**सिरोही।** सिरोही-पिंडवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित श्री शनिदेव धाम मंदिर, उडावारा, नया सानवाड़ा पर वार्षिक मेला वार्षिकोत्सव मंगलवार को आयोजित हुआ। प्रातः काल से पंडितो द्वारा सवेरे से मंत्रोउच्चारण के साथ पूजा हवन हुआ। साथ ही महिला मंडली द्वारा भक्तिमय भजन सत्संग आयोजन हुआ। साथ ही प्रातः काल शनिदेव भगवान का विशेष श्रृंगार कर आंगी रचाई गई।

दोहपर 12 बजे मंदिर के ध्वजा लाभार्थी किशनलाल प्रजापत परिवार द्वारा ध्वजारोहन हुया ,तत्पश्चात शनिदेव की महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमे भक्तो ने शनिदेव के जयकारों, ढोल नगाड़ों के साथ भाग लिया। एवं शनिदेव को रिझाकर मनोकामना पूर्ण हेतु कामना की। महाआरती पश्चात आये हुए दर्शनालुयो एवं भक्तो हेतु भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम सिरोही , पिंडवाड़ा क्षेत्र सहित आस पास के दर्शनालुओ ने हजारो की संख्या में भाग लिया ।मेले के दौरान झूलो सहित विभन्न स्टॉल लगाई गई। जिसमें लोगो ने सेर सपाटे के साथ खरीददारी की। इस दौरान मंदिर पुजारी दिनदयाल महाराज, शनिदेव मदिर समिति के किशन लाल प्रजापत, नारायणसिंह देवड़ा, शांतिलाल माली, प्रकाश प्रजापति, कल्पेश जैन, दीलिप खंडेलवाल, महिपालचारण, जयंत प्रजापत, हकमाराम प्रजापत, दामोदर प्रसाद मोदी, माधोसिंह देवड़ा, नरपत सिंह, ईश्वरसिंह दहिया, मगन मीणा, नारायण माली, पदमाराम, पीराराम देवासी, इन्दर सिंह, मोहन सिंह, शंकरलाल, महेंद्र माली, प्रकाश हिरागर सहित शनि भक्तो ने व्यवस्था संभाली एवं गणमान्य उपस्थित थे

**एक शाम मां जगदम्बा के नाम सागाणा कुआं में रात्रि जागरण आयोजित**

# ग्रामीणों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**रावतसर।** जगदम्बा माता मंदिर महोत्सव की 7वीं वर्षगांठ पर सागाणा कुआं में गुरुवार रात्रि को विशाल भव्य जागरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महंत जगरामपुरी महाराज पनोणियो का तला का सानिध्य रहा है। मुख्य अतिथि नारी शक्ति पुरस्कार विजेता डॉ रुमा देवी रही। इस मौके पर सुप्रसिद्ध कलाकार शिवपुरी गोस्वामी एण्ड पार्टी द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा जगदीशगिरी,तेजगिरी, भवरगिरी गोस्वामी ने भी भजनों की प्रस्तुति दी। भजन संध्या में आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रामसर कुआं विशनाराम कड़वासरा, सरपंच बेरीवाला तला खरथाराम चौधरी,अतिरिक्त विकास अधिकारी अमरसिंह पोटलिया, विकास अधिकारी भंवरलाल सारण, युवा उद्यमी पेमाराम पोटलिया, समाजसेवी शंकरलाल जैन, शिक्षक रणवीरसिह पोटलिया, रूपाराम



पोटलिया, मूलाराम सारण, युवा नेता मानवेन्द्र कड़वासरा, नवीन गोदारा, धोकलाराम सेंवर, ठेकेदार जेठाराम सारण, जेठाराम जाखड़, विरधाराम सारण, लालाराम भांभू, मगाराम बेनिवाल, विजाराम पुनिया, हिमथाराम पोटलिया, भूतपूर्व सैनिक खेताराम सारण, पूर्व विकास अधिकारी मानाराम सारण, जीएसएस व्यवस्थापक रावतसर राऊराम सारण, केसराराम पोटलिया, चुनाराम सारण, गोसाईराम सारण, शिक्षक रमेश कुमार सारण,पनाराम सारण, हुकमाराम सारण, शिक्षक गंगाराम सेंवर, वार्डपंच प्रताप सोनी, लच्छाराम मेगवाल,चेतनराम मेगवाल, घमूराम मेगवाल, गोमाराम गोदारा, चुनाराम जाखड़,तुलसाराम सारण, बांकाराम कुमावत सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन विष्णु मूढ़ ने किया।

### नशामुक्ति का लिया संकल्प

राजस्व गांव सागाणा कुआं के ग्रामीणों को महत जगरामपुरी महाराज ने नशामुक्ति का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने किसी व्यक्ति की मृत्यु पर बारह दिन तक नशामुक्ति, गंगाप्रसादी के मौके पर एक समय ही हलवा, चौणा और सब्जी रोटी, विवाह के मौके पर डीजे पूर्णतया बंद करने का संकल्प लिया।

### नशा हानिकारक, इससे दूर रहे-डॉ रुमा

इस मौके पर नारी शक्ति पुरस्कार विजेता डॉ रुमा देवी ने कहा कि आज के समय में नशे की लत बढ़ रही है। युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। आने वाली पीढ़ी के भविष्य को देखते हुए नशे से दूर रहे और शिक्षा पर जोर दे। उन्होंने ग्रामीणों के नशामुक्ति संकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुरानी संस्कृति को जीवित रखे और रखना जरूरी है।




सरकारों की ओर से मुफ्त में दी जा रही सुविधाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट जमकर खरी-खोटी सुनाई

# आखिर मुफ्त की रेवड़ियां कब तक बांटी जाएंगी-सुप्रीम कोर्ट

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** मुफ्त की रेवड़ी बांटने का कल्चर 50 के दशक में तब शुरू हुआ, जब तत्कालीन मद्रास राज्य (तमिलनाडु) के मुख्यमंत्री के कामराज ने राज्य भर के स्कूलों में 1956 में मिड डे मील यानी मध्याह्न भोजन योजना शुरू की थी। इसके बाद से देश में नकदी, सोने के सिक्के, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, घरेलू चीजें मुफ्त में देने का चलन शुरू हुआ। इसके पीछे तब मकसद अल्पकालिक चुनावी लाभ उठाने पर था।

अब सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों की ओर से मुफ्त में दी जा रही सुविधाओं को लेकर जमकर खरी-खोटी सुनाई। उसने पूछा है कि आखिर ये मुफ्त की रेवड़ियां कब तक बांटी जाएंगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने कहा कि मुफ्त राशन बांटने की जगह मजदूरों के जिए रोजगार मुहैया कराया जाता तो अच्छा होता। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने केंद्र सरकार की इस बात पर हैरानी जताई कि करीब 81 करोड़ लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के तहत मुफ्त या सब्सिडी वाला राशन दिया जा रहा है। इसपर बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि इसका मतलब है कि केवल टैक्सपेयर्स ही बाकी हैं।



### मजदूरों को रोजगार दें, फ्री बीज नहीं

एनजीओ की ओर से दायर एक मामले में पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि उन प्रवासी मजदूरों को मुफ्त राशन मिलना चाहिए जो ई-श्रमिक पोर्टल पर पंजीकृत हैं। इसपर बेंच ने कहा, फ्रीबीज कब तक दिए जाएंगे? क्यों न हम इन प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर, रोजगार और क्षमता निर्माण पर काम करें?

### ज्यादातर ने मुफ्त की रेवड़ी को गैर जरूरी बताया

एक सर्वे में मुफ्त की रेवड़ियों को लेकर लोगों से बातचीत की गई। सर्वे में आधे से अधिक यानी 56% उत्तरदाताओं ने मुफ्त उपहारों को गैर जरूरी माना। 78% ने इसे वोट मांगने की रणनीति बताया और 61% ने राष्ट्रीय वित्त पर इसके असर के बारे में चिंता जताई। सर्वे में हिस्सा लेने वाले पैसे वाले लोगों में से 84% बड़े पैमाने पर मुफ्त उपहारों को आर्थिक रूप से हानिकारक माना। वहीं, कम आय वाले केवल 46% ने इसे गलत ठहराया। निम्न-आय समूह आवश्यक वस्तुओं विशेष रूप से स्वास्थ्य देखभाल पर सब्सिडी को उचित माना।

### क्या है रेवड़ी, पहले इसे समझिए

आरबीआई ने अपनी 2022 की रिपोर्ट में 'रेवड़ी' को मुफ्त दिए जाने वाले लोक कल्याण उपाय के रूप में बताया है। मुफ्तखोर अक्सर अल्पकालिक राहत पर ध्यान देते हैं। आमतौर पर मुफ्त लैपटॉप, टीवी, साइकिल, बिजली और पानी जैसी वस्तुएं शामिल होती हैं, जिन्हें अक्सर चुनावी प्रोत्साहन के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। सतत विकास को बढ़ावा देने के बजाय संभावित रूप से निर्भरता को प्रोत्साहित करने के लिए फ्रीबीज की अक्सर आलोचना की जाती है।

### ये हैं कल्याणकारी योजनाएं, जानिए

कल्याणकारी योजनाओं का मकसद लक्षित आबादी के जीवन स्तर और संसाधन तक उसकी पहुंच बढ़ाना है, ताकि उसका उत्थान हो सके। जैसे कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), मनरेगा और मिड डे मील प्रोग्राम।

### मुफ्त की रेवड़ियों के सकारात्मक पहलू क्या हैं?

विकास के अपेक्षाकृत निचले स्तर और उच्च गरीबी दर वाले राज्यों में इस तरह की मुफ्त सुविधाएं समाज के निचले तबके के समर्थन और उत्थान में मायने रखती हैं। मुफ्त में न केवल चुनाव पूर्व वादे शामिल हैं, बल्कि कई सेवाएं भी शामिल हैं जो सरकार नागरिकों के प्रति अपने संवैधानिक दायित्वों (राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत) को पूरा करने के लिए प्रदान करती है। मिड डे मील योजना पहली बार 1956 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के कामराज ने शुरू की थी। एक दशक बाद इसे राष्ट्रीय स्तर पर अपनाया गया था।

जागरूक जनता
ऑन लाइन पढ़ने के लिए स्कैन करें
ई-पेपर व अन्य खबरें देखें
jagrukjanta.net

# केबिनेट मंत्री द्वारा पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा द्वारा पुलिस अधिकारियों के साथ किये गये व्यवहार की निन्दा करते हुए राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों ने कलेक्टेऊट चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन कर मंत्री डॉ मीणा का पुतला जलाकर मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि डॉ मीणा जैसे राजनेता लोग पुलिस अधिकारियों का मनोबल गिरा रहे हैं। एक महिला पुलिस अधिकारी कविता शर्मा को उसके निवास स्थान पर जाकर मंत्री ने असम्मान जनकभाषा का प्रयोग करते हुए महिला पुलिस अधिकारी को डराया, धमकाया डांट फटकार लगाई। इसी तरह आए दिन उनके द्वारा पुलिस अधिकारियों को डराना धमकाना जारी है। पूर्व में भी सवाईमाधोपुर एसपी के बंगले पर जाकर जन सुनवाई करने लग गये, जो गलत था। बच्चों को भयभीत किया। बजरी माफियाओं से मिलकर पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एक षड्यंत्र कर उनको डराया धमकाया और बजरी माफियाओं के ट्रक ट्रेक्टर उनकी मौजूदगी में अवैध खनन कर निकाले गए। पूर्व में उदयपुर के एक पुलिस अधिकारी के थप्पड़ मार दिया जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि मंत्री पुलिस अधिकारियों के खिलाफ जनता में एक गलत माहौल वातावरण तैयार कर रहे हैं जो सरकार के लिए और आमजन के लिए घातक है। ऐसे सम्मानजनक पद पर रहते हुए ऐसी भाषा और ऐसा कृत्य किया जा रहा है जिससे पूरे पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियो के कार्य शैली पर प्रश्न लगाया गया। इस प्रकार पुलिस के पदाधिकारी व कर्मचारियों को अनैतिक तौर पर डराया धमकाया जा रहा है। ऐसे लोगों के बीच पुलिस विभाग कैसे काम कर पाएगा और न्यायपूर्ण कार्य जो पुलिस विभाग द्वारा किया जा रहा था उसमें अगर इस तरह से अभद्र भाषा का प्रयोग कर किसी भी पुलिस के अधिकारी व कर्मचारियों को डराया धमका कर राज्य कर्मचारी के कार्य में बाधा पहुंचा रहे है, ऐसे अनैतिक कार्यों पर कर्मचारियों के हितों की लड़ाई व पुलिस पेंशनर्स के हितों की लड़ाई लड़ने के लिए ही हमारा संगठन खड़ा किया है। राजस्थान सेवा निवृत पुलिस कल्याण संस्थान ऐसे राजनेताओं या कोई भी व्यक्ति जो पुलिस कर्मचारियो को डरायेगा धमकाएगा तो इसका विरोध हमारा संगठन पूरे जोश खरोश के साथ करेगा। चाहे वह कितना ही बड़ा व्यक्ति हो या कितना ही बड़ा राजनेता हो और हमारे परिवार के लोगों को इस तरह से किसी भी राजनेता द्वारा डराया या धमकाया जाएगा तो उनके खिलाफ धरना प्रदर्शन कर कानूनी कार्रवाई करने के लिए संगठन हमेशा तैयार है। इस दौरान ओमप्रकाश उपाध्याय, लाल सिंह भाटी, अमर कण्ठ उपाध्याय, फैज मोहम्मद, पृथ्वी सिंह हाड़ा, लक्ष्मीनारायण दशोरा, गिरिराज प्रसाद, शिवशंकर व्यास, गोवर्धन सिंह भाटी, शिव शर्मा, चंद्रशेखर, शशिरंजन, बद्री लाल सांगोत, गोपालकृष्ण राठी, सोहन पन्डिया, यशवंत दशोरा, शंभूगिरी, मुस्ताक खान, भवानी सिंह, मोहम्मद तसलीम, कंवर पाल, रतनलाल, शोभा लाल, भेरूलाल, सत्तार खान, अर्जुन सिंह, रामजस कोठारी, धनराज, किशनसिंह, अर्जुनसिंह, बद्रीलाल, अमरसिंह, लक्ष्मीलाल, कन्हैयालाल, भगवानलाल, इशाक मोहम्मद, गिरीश, भगवतसिंह, भुनेश्वर, भेरूगिरी, भारतसिंह, लक्ष्मणसिंह भाटी, शिवलाल, प्रताप सिंह सहित समस्त संगठन के पदाधिकारी, साथी सम्मिलित रहे।

# समायोजन से उत्पन्न समस्याओं को लेकर शिक्षक मिले जिला शिक्षाधिकारी से



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** राज्य सरकार द्वारा राजस्थान के अधिशेष शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया को पूरा करने के क्रम में जिले में माध्यमिक शिक्षा और प्रारंभिक शिक्षा में भी शिक्षकों के पदों का समायोजन किया गया। समायोजन के पश्चात पदस्थापन के बाद उत्पन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश कोषाध्यक्ष कालूराम खटीक के नेतृत्व में राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा एवं प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय राजेंद्र कुमार शर्मा से मिला। शिक्षक परियोजनाओं को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनके निस्तारण को निवेदन का आग्रह किया। गोपेश कोदली ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा ने पूर्व में चयनित 6डी के शिक्षकों को भी प्रारंभिक शिक्षा को लौट कर राज्य सरकार के समायोजन नियमों का उल्लंघन किया है। साथ ही कई शिक्षकों का उनके पंचायत क्षेत्र से अन्य पंचायत या ब्लॉक में समायोजन कर दिया जो नियम विरुद्ध है, साथ ही इससे माध्यमिक शिक्षा के कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी हो गई है, जिसको लेकर तालाबंदी होने लग गई है। संगठन ने शिक्षा अधिकारियों से निवेदन किया कि समायोजन से उत्पन्न समस्याओं का निराकरण करा कर शिक्षकों को राहत प्रदान करें। गोपाल स्वरूप त्रिपाठी ने कहा कि अगर शिक्षकों की वाजिब समस्याओं का निराकरण नहीं किया तो संगठन राज्य स्तर पर आंदोलन करेगा। प्रतिनिधि मंडल में घनश्याम गर्ग, शिव कोदली, लालूराम सालवी, सुरेश खोईवाल, हरिओम सिंह शेखावत, सूरजभान सारस्वत, नाना लाल, गणेश उनियारा, रजनीश साहु, अर्पित जैन सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जागरूक खबरें

### जनहित मुद्दो पर शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** दुर्ग पर बढ़ती अव्यवस्थाओं, पर्यटकों के साथ भ्रष्टाचार व शोषण सहित ऑटो की मनमानी, लपकागिरी आदि जनहित मुद्दों का समाधान कराये जाने की मांग को लेकर शिवसेना जिला प्रमुख गोपाल वेद ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि दुर्ग पर प्रतिदिन सैंकड़ों-हजारों पर्यटक भ्रमण हेतु आते हैं और करीब 2 हजार ऑटो रिक्शा चल रहे हैं। पर्यटक घुमने के लिए ऑटो रिक्शा किराये पर लेते हैं। लपकों के गिरोहों से होटलों, धर्मशालाओं, विश्रान्तिगृहों में सांठ गांठ से भारी राशि वसूली हो रही है। लपके ऑटो चालकों से सांठगांठ कर पर्यटकों को घुमाते हैं, ओवरलोट सवारी बैठाते हैं और मनमाना किराया लेते हैं। ऑटो चालकों को थोड़ी बहुत राशि देकर मोटी रकम जेब में रखते हैं। दुर्ग स्थित टिकिट घर, पार्किंग स्थल, ऑटो आदि में लपकों ने भारी सैटिंग कर रखी है। शिकायत पर यातायात अधिकारियों द्वारा केवल खाना पूर्ति की जाती है।

### रोगियों को भोजन कराकर मनाया स्मृति दिवस व जयंती

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** मेवाड़ पर्वतक गुरुदेव अम्बा लाल म.सा.के दीक्षा शताब्दी वर्ष शुभारंभ, सौभाग्य मुनि म.सा. के 87 वीं जन्म जयंती व सेवा के महा सागर भोले बाबा गुरुदेव मदन मुनि म.सा. के तृतीय पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष में अंबेश गुरु सेवा समिति, चंदन बाला महिला मंडल व गुरु अंबेश सौभाग्य युवा मंडल द्वारा सांवरिया जी राजकीय सामान्य चिकित्सालय में मरीजों को भोजन खिलाया गया। इस अवसर पर श्री अंबेश गुरु सेवा समिति अध्यक्ष सुरेश, पारसमल, सुमित्रा पामेचा, विनीता, लोकेश चोरड़िया सहित कई सदस्य उपस्थित थे। इसी क्रम में आज मीरा नगर स्थानक में सायंकाल 7 से 8 बजे तक नवकार मंत्र का सामूहिक जाप होगा।

राइजिंग राजस्थान: अधिकारियों के साथ की संभावनाओं पर चर्चा

# खनन और पेट्रोलियम सेक्टर में सऊदी अरब ने दिखाई रुचि

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सऊदी अरब के उप मंत्री शेख श्री अब्दुल मजीद फलाह के नेतृत्व में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट में हिस्सा ले रहे प्रतिनिधिमण्डल ने राज्य में खनिज और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में निवेश में रुचि दिखाई है। प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम श्री टी. रविकान्त ने बताया कि माइंस एवं पेट्रोलियम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सउदी अरब के उप मंत्री शेख श्री अटुल मजीद फलाह और शेख अब्दुला के साथ राज्य में इस क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

टी. रविकान्त ने बताया कि अतिरिक्त निदेशक माइंस बीएस सोढ़ा ने सउदी अरब दल के सदस्यों को विस्तार से प्रदेश में उपलब्ध मिनरल्स, एक्सप्लोरेशन और निकट भविष्य में होने वाले मिनरल ब्लॉकों की नीलामी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान में डेकोरेटिव स्टोन्स के साथ ही क्रिटिकल व स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के भण्डार हैं और चरणबद्ध तरीके से इनके ब्लॉक्स तैयार कर नीलाम किए जा रहे हैं। अतिरिक्त निदेशक पेट्रोलियम अजय शर्मा ने राजस्थान रिफाइनरी और उसके आसपास के क्षेत्र में पेट्रोकेमिकल जोन विकसित होने की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश में उपलब्ध क्रूड ऑयल और गैस के भण्डारों की खोज और दोहन के संबंध में अवगत करवाया। सऊदी अरब के उप मंत्री शेख अब्दुल मजीद फलाह और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेख अब्दुला ने खनिज के साथ ही रिफाइनरी के आस पास के क्षेत्र में विकसित हो रहे पेट्रोकेमिमल जोन में औद्योगिक निवेश में रुचि दिखाई है। गौरतलब है कि शासन सचिव वित्त व्यय नवीन जैन सउदी अरब से निवेश के संबंध में राज्य सरकार के प्रभारी अधिकारी हैं और वह राज्य सरकार और सउदी अरब के प्रतिनिधियों के बीच समन्वय कर प्रदेश में अधिक से अधिक विदेशी निवेश लाने का प्रयास कर रहे हैं। खनिज विभाग के प्रतिनिधिमण्डल में अतिरिक्त निदेशक एमपी मीणा, एडीजी आलोक जैन, एसजी सुनील वर्मा, राजकुमार मीणा व अन्य अधिकारी थे।

## महाराणा प्रताप शक्ति केन्द्र के 6 बूथ की कार्यकारिणी गठित

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल के महाराणा प्रताप शक्ति केन्द्र के कुम्भानगर उपनगर क्षेत्र के सभी 6 बूथ की अलग-अलग बैठक आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवं सभी जगह 12 सदस्य की बूथ समिति के गठन सहित 3 महिला सदस्य भी बनाये गये। सागर सोनी के निर्देश पर शक्ति केन्द्र संयोजक छोटूसिंह शेखावत, शक्ति केन्द्र प्रभारी प्रदीप काबरा ने 6 बूथ पर जाकर बैठक कर कमेटियों का गठन किया। तीन दिन चले इस अभियान में नरेन्द्र पोखरना, अनंत समदानी, अली असगर, रामबक्ष कीर, शंकरलाल, अक्षत पोखरना, पंकज चेचानी, आशा पोखरना, सुनील शर्मा, देवकिशन कीर, मुकेश गावरी, अभिमन्यू माहेश्वरी, ओमप्रकाश जोशी, गायत्री राव, कैलाश कौशल, शिव शर्मा, देवकान्त शर्मा, पंकज मोदी, अशोक व्यास, हरिराज सिंह, अम्बालाल, दीपक, अविनाश जोशी, आशीष शर्मा, शंकरसिंह, देवेन्द्रपाल सिंह, रवि शर्मा ने भाग लिया। लोकसभा चुनाव में इस शक्ति केन्द्र से पार्टी को लगभग 1800 वोटों की बढ़त मिली थी। इसी क्रम में पार्टी को और अधिक मजबूती के लिए संगठन को और प्रभावी बनाया जायेगा।

## जिला स्तरीय कैरियर कांउसलिंग एवं साईबर जागरूकता कार्यक्रम आज

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती को विश्व युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसी उपलक्ष्य में जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा लगभग 800 छात्र, छात्राओं को कैरियर कांउसलिंग एवं साईबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज 11 बजे से इन्दिरा गाँधी ऑडिटोरियम में किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं द्वारा छात्र, छात्राओं को साईबर क्राइम जागरूकता एवं कैरियर काउंसलिगं की जाएगी साथ ही छात्र, छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण हेतु अधिकारियों एवं अतिथि वक्ताओं द्वारा प्रश्नों के जवाब दिये जाएगें जिससे विद्यार्थियों के बेहतर एवं उज्ज्वल भविष्य का निर्माण हो सके।

## मानवाधिकार दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुनील कुमार गोयल द्वारा मंगलवार को डी.पी.एस. स्कूल निम्बाहेड़ा चित्तौड़गढ़ एवं उपकारागृह निम्बाहेड़ा में मानवाधिकार दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पैनल अधिवक्ता भारती गहलोत ने विद्यार्थियों को गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी देते हुए बाल यौन हिंसा के प्रति जागरूक किया। संदीप सेठिया ने बच्चों को मोबाइल एडिक्शन के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए इसका सदुपयोग करने हेतु जागरूक किया। इस दौरान डी.पी.एस. स्कूल के प्राचार्य अशलेष दशोरा आदि जन उपस्थित रहे।

## झाड़ियों के बीच फंसे तेंदुए का रेस्क्यू

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** जिले के कनेरा के गुंदारल गांव के पास घायल पड़े तेंदुए का वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया। लेपर्ड झाड़ियों के बीच फंसा हुआ था और घायल अवस्था में था। पास के खेत में मौजूद एक ग्रामीण ने गुर्राने की आवाज सुनकर वन विभाग की टीम को सूचना दी। तेंदुए के मुंह पर चोट लगी थी, जिसका रेस्क्यू करने के बाद उसे चित्तौड़गढ़ लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी जांच की, जो व्यस्क होने के साथ उम्र 7 साल और 80 से 100 किलो तक उसका वजन बताया जा रहा है। रेंजर भूपेन्द्र सिंह शक्तावत ने बताया कि तेंदुए को ट्रेंकुलाइज किया गया। लेकिन इसके लिए भी एक घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। पहले 2 बार ट्रेंकुलाइज फेल होने के बाद तीसरी बार ट्रैंकुलाइज करने पर तेंदुए को बेहोश कर पाए। जिसके बाद उसको पिंजरे में लिया गया। इस दौरान ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सबको समझाने के बाद वहां से दूर किया गया।

'इन परस्यूट ऑफ डेमोक्रेसी : बियॉन्ड पार्टी लाइंस'

# "सोनिया गांधी को मुझ पर भरोसा नहीं था", अपनी किताब में नजमा हेपतुल्ला ने कई घटनाओं का किया जिक्र

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री नजमा हेपतुल्ला ने अपनी आत्मकथा 'इन परस्यूट ऑफ डेमोक्रेसी: बियॉन्ड पार्टी लाइंस' में कांग्रेस पार्टी में सोनिया गांधी के नेतृत्व में हुई कुछ घटनाओं का जिक्र किया है। उन्होंने 1998 में सोनिया गांधी के पार्टी अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी की कार्यशैली पर सवाल उठाए और कहा कि उस वक्त पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेतृत्व के बीच सीधा संवाद टूट गया था। 10 जनपथ से सीधे संवाद कट गया था, क्योंकि वहां काम कर रहे जूनियर अधिकारी सिर्फ क्लर्क और अन्य स्टाफ थे, जो असल पार्टी कार्यकर्ता नहीं थे।

नजमा हेपतुल्ला बीजेपी में शामिल होने से पहले 2004 तक कांग्रेस पार्टी के साथ थीं। हेपतुल्ला 1980 में राज्यसभा सदस्य बनीं और 17 साल तक उच्च सदन की उपसभापति रहीं, ने अपनी आत्मकथा में कई घटनाओं का खुलासा किया है, जो उनके व तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के बीच बढ़ते अविश्वास को दर्शाती हैं। उन्होंने अपनी आत्मकथा में यह भी बताया है कि 2004 में बीजेपी में शामिल होने से



पहले कांग्रेस पार्टी में उनके लिए वातावरण बदल चुका था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने लिखा, "हमारे बीच संवाद की गुणवत्ता में कमी थी और यह भी नहीं पता था कि हमारे नेता के इन-ग्रुप या आउट-ग्रुप में कौन लोग हैं, या हम उनके दृष्टिकोण का समर्थन कैसे कर सकते हैं। इससे पार्टी में गिरावट शुरू हुई।" नजमा हेपतुल्ला ने 1999 की एक घटना का जिक्र किया जब वह बर्लिन से सोनिया गांधी को फोन कर इंटर-पार्लियामेंट्री यूनियन की अध्यक्ष बनने की खबर देना चाहती थीं, लेकिन गांधी के एक स्टाफ ने पहले कहा, 'मैम बिजी हैं' और फिर 'कृपया लाइन पर बने रहें'। उन्होंने बताया कि उन्हें एक घंटे तक इंतजार कराया गया, लेकिन सोनिया गांधी कभी भी फोन पर उनसे बात करने नहीं आईं। पूर्व राज्यसभा सांसद ने अपनी किताब में लिखा, "हर देश, संस्कृति और परिवार के पास ऐसे खास क्षण होते हैं, जो सामान्य जीवन की धारा से ऊपर होते हैं। यह मेरे लिए एक ऐसा क्षण था, जिसने मुझे हमेशा के लिए अस्वीकृति का अहसास दिलाया। हालांकि, यह अस्वीकृति सही साबित हुई।"

### जब सोनिया गांधी चाहती थीं कि वो कांग्रेस छोड़ दें

मणिपुर की पूर्व राज्यपाल नजमा हेपतुल्ला ने अपनी आत्मकथा 'इन परस्यूट ऑफ डेमोक्रेसी: बियॉन्ड पार्टी लाइंस' में 1999 की एक और घटना का भी जिक्र किया है, जब कांग्रेस के कई दिग्गज नेता पार्टी में हाशिए पर महसूस कर रहे थे। शरद पवार, पीए संगमा और तारिक अनवर ने सोनिया गांधी के विदेशी मूल के मुद्दे पर पार्टी छोड़ दी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) का गठन किया। राजेश पायलट और जितेंद्र प्रसाद भी गांधी परिवार के खिलाफ खड़े हुए। नजमा हेपतुल्ला पार्टी में बनी रहीं, लेकिन सोनिया ने सुझाव देना शुरू कर दिया कि वे अंततः पार्टी छोड़ देंगी और शरद पवार के साथ मिल जाएंगी। हेपतुल्ला ने इसे अजीब बताते हुए कहा, "यह सोनिया का विचार अजीब था। वह बहुत कम लोगों पर भरोसा करती थीं और मुझे लगता था कि वह मुझ पर भरोसा नहीं करती थीं।"

### इंदिरा गांधी के दौर से सोनिया की कांग्रेस की तुलना

**हेपतुल्ला** ने सोनिया गांधी की कांग्रेस की तुलना उनकी सास इंदिरा गांधी के दौर से की। हेपतुल्ला ने सोनिया पर जमकर निशाना साधा और कहा, "हम गहरे अविश्वास से कहीं बढ़कर काम कर रहे थे। हम सोनिया गांधी से कटे हुए थे और उनसे संवाद नहीं कर सकते थे। यह पहले की कांग्रेस संस्कृति से एक तीखा और गंभीर बदलाव था। इंदिरा गांधी हमेशा खुले दिल से काम करती थीं। वे आम सदस्यों के लिए सुलभ थीं। वे हर सुबह देश भर से आने वाले हर आगंतुक का गर्मजोशी से स्वागत करती थीं।" पूर्व कांग्रेस नेता ने कहा, "मैं इंदिरा गांधी से कभी भी संपर्क कर सकता थी और अपने तरीके से उन्हें जमीनी स्तर पर चीजों के बारे में जानकारी दे सकती थी। मैंने कभी उनकी कड़ी आलोचना नहीं की, बल्कि केवल उन चीजों की ओर इशारा किया जो मैंने जमीनी स्तर पर अनुभव किया।" दुनिया में किसी भी संसद की सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाली पीठासीन अधिकारी हेपतुल्ला ने सोनिया गांधी की कार्यशैली की आलोचना की, क्योंकि संगठन के भीतर संचार लाइनें टूट गई थीं। उन्होंने अपनी आत्मकथा में कहा, "कांग्रेस के अनुयायियों के रूप में हमारे पास अब अपने नेता को फीडबैक देने में सि्र य भूमिका नहीं थी, जो पार्टी के अच्छे प्रदर्शन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।"